


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -01 जबलपुर, मंगलवार 28 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


# जबलपुर में 4 लोगों की नृशंस हत्या, दो की हालत अत्यंत गंभीर

## जुआं खेलने से रोकने पर उपजा विवाद-हत्या के बाद सभी आरोपित हो गए फरार-हमले में घायल को इलाज के लिए भेजा गया









जबलपुर ।( **नगर प्रतिनिधि** )। जबलपुर स्थित ग्राम तिमरी नुनसर में दो परिवारों के बीच जुआं खेलने से रोकने पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पर पक्ष पर लाठी, राड व डंडे से हमला कर दिया। हमले में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं दो के शरीर पर गंभीर चोटें आई है, जिन्हे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की खबर मिलते ही पाटन विधायक अजय विश्नोई, कलेक्टर, एसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी बल सहित मौके पर पहुंच गए।

खबर है कि तिमरी गांव नुनसर में पिछले कई दिनों से पांडे व पाठक परिवार के सदस्यों द्वारा साहू परिवार के कुछ सदस्यों को जुआं व अवैध शराब बेचने से मना कर रहे है। यहां तक कि कई बार समझाइश भी दी गई लेकिन साहू परिवार के सदस्य मानने के लिए तैयार नहीं थे। इसी बात को लेकर आज सुबह 9.30 बजे के लगभग दोनों पक्षों के लोगों के बीच बैठक रही। बैठक में आए साहू परिवार के लोग हथियारों से लैस है, इस बात की दूसरे पक्ष को खबर नहीं थी। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। गांव के अन्य लोग कुछ समझ पाते इससे पहले धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में अनिकेत, समीर, गुंजन व कंचन के शरीर पर गंभीर चोटें आने से मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं विपिन व छोटू के शरीर पर गंभीर चोटें आई। अचानक हमला होते देख चीख पुकार व भगदड़ मच गई। हमले की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी बल सहित मौके पर पहुंच गए, जिन्होने घायलों को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया, जहां पर दोनों घायलों की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया, जिसे देखते हुए आसपास के थानों का बल तैनात कर दिया गया है। वहीं खबर मिलते ही विधायक अजय विश्नोई, कलेक्टर दीपक सक्सेना, एसपी सम्पत उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। वहीं पुलिस की टीमें आरोपियों को पकडऩे के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

पुरानी रंजिश को लेकर हत्याकांड

इधर स्वजनों का आरोप है कि हत्या क्षेत्र के साहू परिवार के लोगों ने की है। उन्होंने पुरानी रंजिश को लेकर यह हत्याकांड को अंजाम दिया। हमले में चार युवक की मौत हो गई वहीं दो बुरी तरह घायल हुए है जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

चाकुओं और डंडों से किया वार

ग्रामीणों का कहना है कि दोनों के बीच पुराना विवाद था, इसी बात पर आज दोनों पक्षों में सुबह 9॰30 एक बैठक थी। उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि सामने का पक्ष साहू परिवार हथियारों से लैस है और मौका पाते ही इनके द्वारा सभी पर चाकुओं और डंडों से वार कर दिया, इसमें दूसरे पक्ष के चार लोगों की मौत हो गई है।

मृतकों का नाम अनिकेत दुबे, गुंजन पाठक, चंदन पाठक, समीर दुबे बताया गया है। गिरफ्तारी के लिए शव रखकर प्रदर्शन- स्वजन ने घटना के बाद पुलिस प्रशासन पर नाराजगी जाहिर करते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की।

मृतकों के शव रखकर प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़क पर लंबा जाम लग गया। पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को शीघ्र कार्रवाही का भरोसा दिया। ग्रामीण कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग करते रहे।

## बाबा साहब की जयंती-पुण्यतिथि पर राहुल कभी महू नही आए, आज कैसे आ गए

# इंदौर में सीएम ने सफाई कर्मियों को पादुका पहनाई

इंदौर. (आरएनएस)। एमपी के इंदौर स्थित गांधी नगर चौराहा पर आयोजित जन कल्याण अभियान के तहत हितग्राही सम्मेलन में सीएम मोहन यादव पहुंचे. उन्होने कार्यक्रम में सफाई कर्मियों को पादुका पहनाकर सम्मान किया. इस मौके पर सीएम श्री यादव ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर की जयंती या पुण्यतिथि पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कभी महू नहीं आए. कांग्रेस के लोग जब भी आते हैं आंखों में धूल झोंकने आते हैं.

उन्होने आगे कहा कि बाबा साहब ने संविधान दिया तो आना चाहिए तो 26 जनवरी को आते, आज क्यों आए हैं. बाबा साहब के साथ जीवन भर अन्याय करने वाली पार्टी कांग्रेस रही है. पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने दो-दो बार बाबा साहब को हराने के लिए नेहरु जी ने ताकत लगा दी और जिन्होंने हरवा दिया उसे पद्म विभूषण दिलवा दिया. कांग्रेस ने बाबा साहब का सम्मान कभी नहीं किया. बाबा साहब को कोई सम्मान नहीं दिया बल्कि



नेहरु जी ने स्वयं भारत रत्न ले लिया. इंदिरा गांधी ने भी भारत रत्न ले लिया. लेकिन बाबा साहब के योगदान को याद नहीं किया. जब बीपी सिंह प्रधानमंत्री थे तो भाजपा के कहने पर बाबा साहब को भारत रत्न दिया गया. हमारी सरकार सबको ढूंढ कर पद्मश्री देती है.

इन्होंने बाबा साहब का स्मरण नहीं किया. सीएम यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां-जहां इनके पांव पड़े वहां वहां बंटाढार. अपने परिवार के अलावा कांग्रेस को कुछ दिखता नहीं. बहन प्रियंका गई वाड्रा परिवार में, लेकिन गांधी लगाती हैं क्योंकि वोट नहीं कट जाएं. नकली गांधियों ने असली गांधी मिटा दिया. एक बार अजा वर्ग से सीताराम केसरी अध्यक्ष बन गए. कांग्रेस ने बुजुर्ग नेता उनकी धोती खोलकर कांग्रेस कार्यालय से बाहर निकालने का काम किया.

अब ये संविधान बचाने की बात कह रहे हैं. नेहरुजी, इंदिराजी से लेकर राजीव गांधी तक ने संविधान का अपमान किया. सीएम मोहन यादव ने यह भी कहा कि हम प्रदेश में दूध का उत्पादन बढ़ा रहे हैं. दारू की दुकान बंद हो और दूध की दुकान चलना चाहिए. बहनों की जिंदगी अच्छी करने के लिए हम ऐसा करेंगे. धार्मिक शहरों से हम दारू की दुकान बंद कर रहे हैं. सीएम ने कार्यक्रम में भीड़ देखकर कहा कि ऐसा लग रहा है कि मालवा में कुंभ का मेला भरा है. सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने जो-जो गलतियां की हैं उनसे माफी मंगवाएंगे. हम माफी यात्रा निकालेंगे.

# संविधान ने सभी को सपना देखने का हक दिया, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा-राहुल गांधी



महू (आरएनएस)। भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली महू में आयोजित कांग्रेस की जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली में राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संविधान ने सभी को अच्छे भविष्य का सपना देखने का हक दिया है, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। एक तरफ कांग्रेस है, जो संविधान को मानती है और इसके लिए लड़ रही है। दूसरी तरफ भाजपा और संघ है, जो संविधान के खिलाफ हैं, इसे कमजोर करते हैं और खत्म करना चाहते हैं। संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है, इसमें हिंदुस्तान की हजारों साल पुरानी सोच है। इसमें अंबेडकर जी, महात्मा गांधी जी, भगवान बुद्ध, फुले जी जैसे महापुरुषों की आवाज है। कुछ दिन पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- %हिंदुस्तान को 15 अगस्त, 1947 को आजादी नहीं मिली, वो झूठी आजादी थी।% ये सीधा संविधान पर आक्रमण है। राहुल गांधी ने कहा- भाजपा ने लोक सभा से पहले भी संविधान को खत्म करने की बात कही थी, इन्होंने कहा था कि अगर 400 सीटें आ गईं तो संविधान बदल देंगे। लेकिन उनके सामने कांग्रेस और गठबंधन के नेता व कार्यकर्ता खड़े हुए। नतीजा ये हुआ कि लोक सभा में नरेंद्र मोदी को संविधान के आगे माथा टेकना पड़ा। याद रखिए, जिस दिन संविधान खत्म हो गया, उस दिन देश के गरीबों के लिए कुछ नहीं बचेगा। संबोधन से पहले राहुल गांधी ने डॉ. भीमराव आंबेड़कर की जन्मस्थली पर पहुंचकर नमन किया। कार्यक्रम में देशभर से कांग्रेस के बड़े नेता पहुंचे हैं।

**धर्म विरोधी भाषण नहीं देने की शर्त पर मिली रैली की अनुमति**

रैली की अनुमति प्रशासन ने राजनीतिक व धर्मविरोधी भाषण प्रतिबंधित रखने की शर्त पर जारी की है। इस शर्त को देखते ही कांग्रेस के नेताओं ने आपत्ति दर्ज कराई। इसके बाद भी प्रशासन ने जो संशोधित अनुमति पत्र जारी किया है, उसमें सभा में धर्मविरोधी भाषण नहीं देने की शर्त लगाई गई।

## बौखलाए नक्सलियों ने मुखबिरी आरोप लगाकर कर दी ग्रामीण की हत्या, सड़क पर लाश फेंककर फैलाई दहशत



बीजापुर (आरएनएस)। बस्तर में सुरक्षा बल से सीधी मुठभेड़ में लगातार मात खा रहे नक्सली बौखला गए हैं। वे निकाय और पंचायत चुनावों से पहले दहशत फैलाने में लगे हैं। ग्रामीणों के बीच डर का वातावरण बनाए रखने के लिए कायरना हरकत करते हुए एक आदिवासी ग्रामीण की मुखबिरी के आरोप में हत्या कर दी है। पुलिस के अनुसार, भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशामुंडी गांव के रहने वाले 41 साल के ग्रामीण भदरू सोढ़ी पिता हिड़मा की 26 जनवरी की शाम को कुल्हाड़ी से हत्या कर दी है। इसके बाद उसकी लाश को सड़क पर ले जाकर फेंक दिया। घटनास्थल से नक्सलियों के भैरमगढ़ एरिया कमेटी की ओर से जारी पर्चा बरामद हुआ है।



## महाकुंभ पर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के बिगड़े बोल

# गंगा स्नान से खत्म नहीं होगी गरीबी

इंदौर (आरएनएस)। महू में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यूपी सीएम योगी और गृहमंत्री अमित शाह के महाकुंभ में गंगा स्नान को लेकर बयान दिया है, जिस पर विवाद खड़ा हो गया है। खरगे ने गृहमंत्री अमित शाह और यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ को आड़े हाथे लेते हुए कहा कि गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर नहीं होगी।

भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली महू में आयोजित कांग्रेस की जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली में खरगे ने आगे कहा, बीजेपी नेताओं में महाकुंभ में डुबकी लगाने की होड़ लगी, मैं किसी की आस्था को ठेस नहीं पहुंचाना चाहता। किसी को ठेस लगी हो तो माफी चाहता हूं। धर्म पर हम सभी की आस्था है, धर्म हम सभी के साथ है, लेकिन.. अगर धर्म के नाम पर किसी समाज में गरीबों का शोषण होगा.. तो हम कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसमें लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी भी उपस्थित थे।

मैं किसी की आस्था को कोई ठेस नहीं पहुँचाना चाहता। अगर किसी को दु:ख हुआ तो मैं माफ़ी चाहता हूँ। खरगे ने आगे कहा, महू की धरती में बाबा साहेब अंबेडकर का जन्म हुआ था, उन्होंने देश में दलितों और वंचितों को उनके अधिकार दिलाने का काम किया। जब बाबा साहेब अकेले इतना काम कर सकते हैं, तो अगर आप सभी बाबा साहेब अंबेडकर जैसे बन जाएं, तो क्च्छ्वक्क की सरकार हिल जाएगी।

## पाकिस्तानी आग ने कश्मीर के पुंछ के जंगलों को अपनी चपेट में लिया, दर्जनों बारूदी सुरंगें फटी

पुंछ. (आरएनएस)। रविवार देर शाम को पुंछ जिले के उप जिला मेंढर स्थित भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) के बालाकोट सेक्टर में पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र से लगी आग ने भारतीय क्षेत्र के जंगलों को अपनी चपेट में ले लिया. यह आग नियंत्रण रेखा के उस पार से फैलकर भारतीय क्षेत्र में भी पहुंच गई जिसके कारण दर्जनों बारूदी सुरंगों में विस्फोट हो रहे हैं. आग से होने वाले इन विस्फोटों के धमाके नियंत्रण रेखा से सटे क्षेत्रों में सुनाई दे रहे हैं. विस्फोटों के कारण जंगलों में आग की स्थिति और गंभीर हो गई है. भारतीय सेना भी इस स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आग को अग्रिम चौकियों तक पहुंचने से रोकने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है. बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र से आग लगाकर आतंकवादी अक्सर इस पार के जंगलों में आग लगाते हैं,

# सौरभ शर्मा ने कोर्ट में किया सरेंडर, परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक के यहां मिली थी करोड़ों की बेनामी संपत्ति




भोपाल (आरएनएस)। सौरभ शर्मा ने भोपाल में कोर्ट के सामने सरेंडर कर दिया है। आईटी और लोकायुक्त के छापे के बाद से सौरभ फरार था। 17 दिसंबर को उसके घर पर छापा मारा गया था। सौरभ शर्मा के पास करोड़ों की संपत्ति मिली थी। इसके साथ ही इसके दोस्त चेतन सिंह गौर की गाड़ी से सोना भी बरामद किया गया था।

सौरभ शर्मा आरटीओ में कांस्टेबल था, बाद में उसने वीआरएस ले लिया था। उसे अपने पिता के निधन के बाद अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। इस नियुक्ति पर भी सवाल खड़े हुए थे, क्योंकि सौरभ के भाई के भाई सरकारी नौकरी में पहले से थे। सौरभ शर्मा ने अपने वकील के जरिए भोपाल जिला न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी। कोर्ट ने इसके खारिज कर दिया था। इसके बाद से ही सौरभ के आत्म समर्पण के आसार बढ़ गए थे। इधर सौरभ शर्मा की संपत्तियों को लेकर आयकर विभाग और ईडी ने भी जांच शुरू कर दी है। अब सौरभ के सरेंडर करने के बाद दोनों एजेंसियां उससे पूछताछ कर पाएगी।

## अमित शाह ने कुंभ में लगाई पुण्य की डुबकी, परिवार के साथ गंगा तट पर की पूजा



प्रयागराज (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को सपरिवार प्रयागराज पहुंचे और संगम तट पर डुबकी लगाई। जिस समय अमित शाह ने डुबकी लगाई, उस समय योग गुरु बाबा रामदेव, अवधेशानंद गिरी महाराज और कैलाशानंद जी महाराज भी साथ रहे। इसके बाद शाह ने सपत्नीक गंगा तट पर पूजा की। बेटे जय शाह भी साथ रहे। अमित शाह के पोते को भी संतों ने आशीर्वाद दिया।







जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पनागर में प्रशांत चौरसिया उम्र 38 वर्ष निवासी शिवनगर दमोहनाका विजयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह फ्लिपकार्ड में डिलेवरी का काम करता है दिनांक 26-1-25 की वह अपनी होण्डा साईन मोटर सयकल क्रमांक एमपी 20 जेड एम 2598 से डिलेवरी का सामान देकर वापस पनागर आफिस जा रहा था शाम लगभग 7-15 बजे मिश्रा पेट्रोल पम्प के आगे चाकानाला के पास पहुँचा तभी सामने से आ रही मोटर सायकल का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये सामने से उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे वह मोटर सायकल सहित गिर गया

### रेल सुरक्षा बल की आकर्षक परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को किया मंत्रमुग्ध

# पमरे महाप्रबन्धक ने रेलवे स्टेडियम प्रांगण में किया ध्वजारोहण

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेल में उल्लासपूर्वक 76वाँ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। मुख्य समारोह रेलवे स्टेडियम जबलपुर में आयोजित किया गया जहाँ महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय द्वारा ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर रेल सुरक्षा बल, सेंट जॉन एम्बुलेंस, स्काउट्स एवं गाइड्स की टीमों द्वारा मार्च पास्ट किया गया और साथ ही बड़ी संख्या में रेलवे के स्कूली बच्चों द्वारा देश भावनां से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

इस अवसर पर समारोह में अपर महाप्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री नितिन चौधरी, महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं तथा विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर, रेल अधिकारीगण, रेल सुरक्षा बल के जवान एवं कर्मचारीगण, बड़ी संख्या में बच्चे और परिजन उपस्थित रहे।

महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने अपने संदेश वाचन में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल के सभी रेल अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अपने सन्देश में बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा वर्ष 2024 में पश्चिम मध्य रेल की



लगभग 4880 करोड़ लागत की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। पश्चिम मध्य रेल को वर्ष 2023-24 के लिए ''अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार'' समारोह में माननीय रेलमंत्री जी द्वारा लेखा एवं वित्त प्रबंधन शील्ड एवं कार्मिक प्रबंधन शील्ड प्राप्त हुई है।

इस वित्तीय वर्ष में दिसंबर 2024 तक हमारा परिचालन अनुपात 72 प्रतिशत रहा है। वर्ष 2024 में पश्चिम मध्य रेल ने गतवर्ष की तुलना में संविभाजित यात्री आय, माल यातायात आय एवं प्रारंभिक यात्री आय में वृद्धि दर्ज की है। अधोसंरचना के क्षेत्र में पश्चिम मध्य रेल ने वर्ष 2024 में कुल 183 किमी. नई रेल लाइन, दोहरीकरण एवं तिहरीकरण के कार्य संपन्न किये हैं। कोटा मण्डल में ''कवच'' प्रणाली का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है।

''अमृत स्टेशन योजना'' के तहत, पश्चिम मध्य रेल के कुल 53 रेलवे स्टेशनों का उन्नयन किये जा रहे है। ''एक स्टेशन एक उत्पाद'' ऑउटलेट के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के सभी चिन्हित स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित कर दिए गए है। ''प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र योजना'' के अंतर्गत मदनमहल, कटनी, बीना एवं सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशनों पर जनऔषधि केन्द्र संचालित किये जा रहे है।

ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2024 के दौरान पश्चिम मध्य रेल पर 1073 किलोवॉट क्षमता के रूफ टॉप सोलर प्लांट स्थापित किये गये हैं। पश्चिम मध्य रेल के रेल सुरक्षा बल द्वारा वर्ष 2024 के दौरान महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए ''मेरी सहेली'' अभियान के अंतर्गत तीनों मंडलों में 19 महिला टीमों द्वारा लगभग 47 हजार महिला यात्रियों की सहयता की है। चिकित्सा विभाग द्वारा 10 लाख से अधिक बाह्य रोगियों (ओपीडी) तथा 32 हजार से अधिक भर्ती रोगियों (आईपीडी) का उपचार किया गया है। पश्चिम मध्य रेल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने इंटर रेलवे तथा नेशनल एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, वेटलिफ्टंग, बैडमिंटन एवं कुश्ती आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में 13 स्वर्ण, 06 रजत एवं 08 कांस्य पदक प्राप्त कर पश्चिम मध्य रेल को गौरवान्वित किया है।

उन्होंने प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों, मान्यता प्राप्त यूनियन एवं विभिन्न एसोसिएशनों को उनके सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

भारतीय रेलवे में रेल सुरक्षा बल के समन्वय से अपराधों पर नियंत्रण और यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने में प्रतिबद्ध रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आरपीएफ क्विक रेस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) व्हीकल का महाप्रबंधक द्वारा शुभारंभ किया गया।

पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय द्वारा जागृति (बालगृह) में भी ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रीय गान हुआ। महाप्रबंधक श्रीमती बंदोपाध्याय जी द्वारा केन्द्रीय चिकित्सालय जबलपुर में मरीजों को स्वास्थ लाभ एवं गणतंत्र दिवस पर्व की शुभकामनाएं प्रदान की गई।

पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय के प्रांगण में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री प्रभात द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रीय गान हुआ। इस अवसर पर मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन श्री अजय कुमार दीक्षित, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित कार्मिक विभाग के रेल अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। इसी तरह जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मण्डलों में मण्डल रेल प्रबन्धकों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

## उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के साथ खेलों में सफलता हासिल करने के लिए पिंटू यादव सम्मानित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर एम.पी.ट्रांसको के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस में कार्यरत पिंटू यादव को स्काडाकंट्रोल सेंटर जबलपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी एवं मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति मुख्य अभियंता श्री अनिल बाजपेयी तथा मुख्य अभियंता श्री संदीप गायकवाड़ के द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर के पहलवान पिंटू यादव जितने अच्छे खिलाड़ी हैं उतने ही अच्छे ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस जैसे कठिन कार्य को कुशलता पूर्वक और पूरे समर्पण से अंजाम देने वाले कार्मिक हैं।

पुरस्कार देने की नई नीति के तहत ऐसे ही कार्मिकों को खेल श्रेणी में पुरस्कृत किया जाता है जो कि अपने निर्धारित कार्यालयीन कार्यों को उत्कृष्टता के साथ संपादित करने अलावा खेलों में भी विशिष्ट उपलब्धि हासिल करते हैं।

## जबलपुर जेल के अलेक्जेंडर को विशिष्ट सेवा पदक



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस केंद्रीय जेल जबलपुर में कार्यरत वरिष्ठ कर्मचारी बबलू एलेक्जेंडर को वर्ष 2025 का विशिष्ठ सेवा पदक से नवाजा जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आगामी 15 अगस्त 2025 को राष्ट्रपति के द्वारा यह सेवा पदक प्रदान किया जाएगा। गौरव की बात यह है कि बबलू अलेक्जेंडर प्रदेश के ऐसे इकलौते जेल कर्मी हैं, जिन्हें यह सम्मान मिलेगा। अपने उत्कृष्ठ सेवा कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले बबलू अलेक्जेंडर पूर्व में भी अनेक बार सम्मानित किए जा चुके हैं। विशिष्ठ सेवा पदक के लिए श्री अलेक्जेंडर का नाम घोषित होते ही जेल महकमे में हर्ष व्याप्त हो गया। जेल अधिकारियों, कर्मचारियो समेत परिजनों ने भी उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एमपी पावर के सात खिलाड़ी गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृत



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर के सात खि?लाड़ि?यों को अखि?ल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर गणतंत्र दिवस समारोह में प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन व केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण कुमार जैन, महाप्रबंधक जेएस पसरीचा, उप महाप्रबंधक ज्ञान सनोरिया व आलोक श्रीवास्तव उपस्थि?त थे। पुरस्कृत होने वाले खि?लाड़ी हैं-मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की दुर्गा मालाकर, वीरेन्द्र कुमार दुबे व जितेन्द्र यादव व पावर मैनेजमेंट कंपनी के संतोष द्विवेदी, राजेश सोंधि?या, संजय सिंह व राकेश यादव। दुर्गा मालाकर ने 46 वीं अखि?ल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। 46 वीं अखि?ल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कुश्ती प्रतियोगिता में संतोष द्विवेदी ने रजक पदक एवं राजेश सोंधि?या, वीरेन्द्र कुमार दुबे व जितेन्द्र यादव ने कांस्य पदक जीता था। चार पदक जीतने वाली एमपी पावर कुश्ती टीम के मैनेजर संजय सिंह व कोच राकेश यादव को भी पुरस्कृत किया गया।

### ' 'सामूहिक प्रयास से ही बिजली क्षेत्र में मध्यप्रदेश एक आदर्श राज्य के रूप में बनने की दिशा में अग्रसर होगा''

# पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी ने फहराया तिरंगा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश की बिजली कंपनियों के मुख्यालय में 76 वे गणतंत्र दिवस समारोह में पूव्र क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी ने पाण्डुताल मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर परेड की सलामी ली। उन्होंने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के निर्देशानुसार हम लोग ऐसी कार्य योजना बना रहे हैं जिससे उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाए बगैर बिजली सब्सिडी का भार कम किया जा सके। हम इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं। हम लोगों के सामूहिक प्रयास से नि?श्चि?त ही बिजली क्षेत्र में मध्यप्रदेश एक आदर्श राज्य के रूप में बनने की दिशा में अग्रसर होगा। अनय द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश के घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को विगत वर्षों की तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लागू टैरिफ दरों में राहत देने के लिये बिजली कंपनियों को अनुमानित 24 हजार 420 करोड़ 8 लाख रूपये की सब्सिडी देने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया है। यह सब्सिडी अटल गृह ज्योति योजना, अटल कृषि ज्योति योजना, टैरिफ सब्सिडी और निःशुल्क विद्युत प्रदाय योजना में दी जा रही है। अटल गृह ज्योति योजना में प्रति माह एक करोड़ से अधिक, अटल कृषि ज्योति योजना में 26 लाख 59 हजार और निःशुल्क विद्युत प्रदाय योजना में 9 लाख 3 हजार कृषि उपभोक्ता प्रति माह लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदेश की जनरेटिंग, ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन और मैनेजमेंट कंपनी के सभी कार्मिकों के परिश्रम, बेहतर प्रबंधन और दृढ़ता की बदौलत प्रदेश की आबादी, कुटीर और छोटे उद्योग व बड़े उच्चदाब उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जा रही है, वहीं कृषि? उपभोक्ताओं को औसतन 10 घंटे बिजली प्रदाय किया जा रहा है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर कॉमर्शि?यल मिलिन्द भान्दक्कर, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव कुमार गुप्ता सहित सहित बड़ी संख्?या में अभियंता, कार्मिक, सेवानिवृत्?त कर्मी, महिलाएं व बच्?चे उपस्थित थे। प्रदेश के इतिहास में सर्वाधि?क बिजली सप्लाई का रिकार्ड-अनय द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 20 दिसंबर 2024 को मध्यप्रदेश में बिजली की शीर्षस्थ मांग 18913) मेगावाट की सफलतापूर्वक सप्लाई की गई। य?ह पिछले वर्ष के सत्रह 17614 मेगावाट से 1299 मेगावाट अर्थात् 7त्न अधि?क है। 20 दिसंबर 2024 को प्रदेश के इतिहास की सर्वाधि?क3491.53 लाख यूनिट बिजली की सप्लाई की गई। ताप विद्युत यूनिट ने सतत् विद्युत उत्पादन का बनाया रिकार्ड-गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अति?थि? अनय द्विवेदी ने कहा कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों की वि?भि?न्न ताप विद्युत यूनिट ने वर्ष 2024-25 में दस बार 100 अथवा अधि?क दिन, जिसमें तीन बार 200 से अधि?क और एक बार 300 दिन तक अनवरत संचालित रहने का नया कीर्तिमान बनाया। वर्ष 2024-25 में दिसंबर तक ताप विद्युत गृहों में वि?शि?ष्ट तेल खपत में सुधार हुआ। वर्तमान में यह 0.61 मिलीलीटर प्रति किलोवाट घंटा है।



कृषि ज्योति योजना, टैरिफ सब्सिडी और निःशुल्क विद्युत प्रदाय योजना में दी जा रही

## विधार्थी राष्ट्र निर्माण में भी सहयोग देंःशौर्य चक्र विजेता आरिफ खान

### केवी वन में लहराया तिरंगा



.जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 जीसीएफ में आज 76वें गणतंत्र दिवस पर उत्सव का माहौल देखा गया. शौर्य चक्र विजेता नायक आरिफ खान ने बतौर मुख्य अतिथि

ध्वजारोहण किया. उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, यह देश न जाने कितने वीर बलिदानियों की शहादत से तैयार हुआ है, हमें उस शहादत को सलाम करना चाहिए और देश की एकता अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए हमें सतत प्रयास करते रहना चाहिए।नायक आरिफ खान ने देशभक्ति की भावना को जागृत करते हुए छात्र-छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ देश सेवा भी हमारा कर्तव्य है.कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी. माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने एक सामूहिक नृत्य के माध्यम से विश्व शांति का संदेश दिया. बाल वाटिका के छात्र-छात्राओं ने अपने नन्हें कदमों से ऐसा सांगीतिक समां बाधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए. संस्कृति यादव ने अंग्रेजी में और अनुष्का दहिया ने हिंदी में भाषण देकर सभी को प्रभावित किया.

विद्यालय के प्राचार्य रजनीश सिंघई ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उन्हें देश के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।म. उन्होंने कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण का आधार है और छात्रों को अपने कर्तव्यों को निभाते हुए देश का नाम रोशन करना चाहिए. उपप्राचार्य सत्येंद्र वर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों के प्रति आभार प्रकट किया. उन्होंने कहा कि समारोह को सफल बनाने में सभी का योगदान उल्लेखनीय है. कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक अमरनायण शुक्ला, सुबोध कुमार, श्रीमती रीता वाजपेई, श्रीमती निशि शर्मा, श्रीमती सुनिता लोहरा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही. कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सर्वश्री आर एन पटले, अंकित गुप्ता, आनंद स्वरूप आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

## मानवाधिकार संगठन का 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम संपन्न



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज दिनांक नर्मदा नगर ग्वारीघाट जिला कार्यालय में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया एवं झंडा वंदन किया गया झंडा वंदन के पश्चात मानव अधिकार के समस्त अधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रगान करके भारत माता का जय घोष किया उसके पश्चात नवनियुक्त पदाधिकारी/सदस्यों को नियुक्ति पत्र और आई कार्ड वितरण कर उनका सम्मान किया गया जिसमें मुख्य अतिथि शासकीय अधिवक्ता रवि सोंधिया( प्रदेश अध्यक्ष ) रहे एवं अध्यक्षता और कार्यक्रम संचालन हिमांशु द्वारा किया गया द्वारा किया गया। इसमें उपस्थित रहे संभागीय उपाध्यक्ष सुभाष अहिरवार, जिला अध्यक्ष अशोक जी, एडवोकेट शाहनवाज मंसूरी एडवोकेट शिवम साहू,एडवोकेट अभिषेक राव,एडवोकेट शिवम गुप्ता, एडवोकेट राहुल यादव,एडवोकेट ममता ठाकुर एडवोकेट स्नेह लता पटेल एडवोकेट शिवम गुप्ता, एडवोकेट सरदार शैलेंद्र सिंह पत्रकार आशीष , पत्रकार हरिओम साहू ,पत्रकार वेंकटेश राव ,पत्रकार अंकित सेन गायक कलाकार कल्पना सेन ,प्रियंका ठाकुर ,पत्रकार राहुल रजक, प्रकाश माझी, आशीष प्रजापति, अनिल यादव गुरु, योगाचार्य केवट जी ,आयुषी सेन, शिवाली केवट, रितेश सोंधिया,सक्षम सोंधिया, श्री कंधीलाल सोंधिया एवं संगठन के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पमरे से चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेनों में एसी थ्री टायर एवं स्लीपर स्थायी कोचों की वृद्धि

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे से चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेनों में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं शयनयान श्रेणी के स्थायी रूप से कोचों की वृद्धि का निर्णय लिया है। जिसकी जानकारी निम्नानुसार हैं।

प्रारम्भिक तिथियों से ट्रेनों में लगेंगे स्थायी कोचः-

1) गाड़ी संख्या 22190 रीवा-जबलपुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन रीवा स्टेशन दिनाँक 28 जनवरी 2025 से इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22189 जबलपुर-रीवा इण्टरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन जबलपुर स्टेशन दिनाँक 30 जनवरी 2025 से लगेगा। 2) गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन जबलपुर स्टेशन दिनाँक 28 जनवरी 2025 से इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22166 अम्बिकापुर-जबलपुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन अम्बिकापुर स्टेशन दिनाँक 29 जनवरी 2025 से लगेगा।

3) गाड़ी संख्या 11651 जबलपुर-सिंगरौली इण्टरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन जबलपुर स्टेशन दिनाँक 29 जनवरी 2025 से इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11652 सिंगरौली-जबलपुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन सिंगरौली स्टेशन दिनाँक 30 जनवरी 2025 से लगेगा।

इन ट्रेनों में 1 एसी थ्री टियर कोच स्थायी रूप से जोड़े जा रहे हैं। इस वृद्धि के बाद इन ट्रेनों में 11 जनरल कोच, 7 द्वितीय कुर्सीयान कोच, 1 एसी चेयर कार कोच, 1 एसी थ्री टियर कोच एवं 2 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच होंगे। 4) गाड़ी संख्या 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस ट्रेन रीवा स्टेशन दिनाँक 31 जनवरी 2025 से इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन चिरमिरी स्टेशन दिनाँक 01 फरवरी 2025 से लगेगा। इस ट्रेन में 1 एसी थ्री टियर कोच और 2 स्लीपर कोच स्थायी रूप से जोड़े जा रहे हैं। इस वृद्धि के बाद इस ट्रेन में 6 जनरल कोच, 7 स्लीपर कोच, 1 एसी थ्री टियर कोच, एवं 2 एसएलआरडी सहित कुल 16 कोच होंगे। 5) गाड़ी संख्या 22187 रानी कमलापति-अधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन दिनाँक 29 जनवरी 2025 से इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22188 अधारताल-रानी कमलापति इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन अधारताल स्टेशन दिनाँक 29 जनवरी 2025 से लगेगा। इस ट्रेन में 1 एसी थ्री टियर कोच और 1 स्लीपर कोच स्थायी रूप से जोड़े जा रहे हैं। इस वृद्धि के बाद इस ट्रेन में 8 जनरल कोच, 7 स्लीपर कोच,1 एसी थ्री टियर कोच, 2 एसी चेयर कार कोच एवं 2 एसएलआरडी सहित कुल 20 कोच होंगे। कोचों की इस वृद्धि से यात्रियों को अधिक आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिलेगा। पश्चिम मध्य रेल यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



## तालिब हुसैन मुज़म्मिल व अनस का सम्मान


जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मोमिन अंसार समाज द्वारा गणतंत्र दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया . इस मौके पर अंसारी समाज के सरदार हाजी सूफी अब्दुल हकीम बाबा ने पत्रकार तालिब हुसैन, मुहम्मद अनस आलम व मुहम्मद मुज़म्मिल हुसैन को सम्मानित किया. समारोह में मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डाक्टर मुशाहिद रज़ा कादरी, जेडीए के पूर्व उपाध्यक्ष हाजी मुहम्मद कदीर सोनी, भूरे पहलवान, सरदार हामिद हसन, सरदार अयाज़ राईन, सरदार आमीन कुरैशी, गोपाल घनघौरिया सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे.



भोपाल -उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि जन सहयोग से किये जा रहे मनकामेश्वर भगवान के मंदिर का पुनरुद्धार कार्य आगामी दो माह में पूरा करायें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंदिर पुनरुद्धार कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर को व्यवस्थित व सौन्दर्यीकृत किये जाने की भी बात कही। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा के भगवान मनकामेश्वर की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंदिर पुनरूद्वार कार्य में जन सहयोग हेतु साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि बड़े कार्य भी जन सहयोग से हो सकते हैं।

# संविधान कराता है गौरव और स्वाभिमान के साथ हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का बोध- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने इंदौर के नेहरू स्टेडियम में फहराया राष्ट्र-ध्वज उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस







इंदौर. (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज राष्ट्र के जन-गण-मन में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व-गुण के फलस्वरूप यह संभव हुआ है। आज संपूर्ण विश्व में भारत की गरिमा और साख बढ़ रही है। उन्होंने गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए शहीद राष्ट्रभक्तों और सभी सेनानियों के चरणों में विनम्र श्रद्धांजली अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज संविधान निर्माताओं के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन है। हमारा संविधान गौरव और स्वाभिमान के साथ हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का बोध भी कराता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक वर्ष में प्रदेश के चहुँमुखी विकास के साथ प्रदेश की जनता के हित में जन-सहयोग से जो कार्य हुए हैं, उनसे मध्यप्रदेश विकसित राज्य के रूप में पहचान बना रहा है। इस उपलब्धि का श्रेय प्रदेश के लगभग साढ़े आठ करोड़ नागरिकों को जाता है, जो इस पहचान के शिल्पकार रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशानुरूप विकसित भारत के लिए विकसित मध्यप्रदेश की हमारी यात्रा निरंतर चल रही है।

संविधान दिवस के माध्यम से हमारा राष्ट्र संविधान की महिमा को एक उत्सव के रूप में मनाता है। 76वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्सव, उमंग और देशभक्ति के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जोश और जुनून के साथ उत्साह भरे वातावरण में इंदौर के नेहरू स्टेडियम में झण्डावंदन किया। उन्होंने परेड की सलामी ली। इस मौके पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा आकर्षक एवं नयनाभिराम झांकियां भी निकाली। स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत के 76वें गणतंत्र दिवस के मंगल अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया।

अभूतपूर्व उत्साह के बीच 19 प्लाटूनों ने प्रस्तुत की आकर्षक परेड

76वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत अभूतपूर्व उत्साह का माहौल था। समारोह में 19 प्लाटूनों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रध्वज फहराने के बाद खुली जीप से सम्पूर्ण परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड कमाण्डरों से परिचय भी प्राप्त किया। परेड के दौरान सशस्त्र दलों द्वारा हर्ष फायर किये गये। खुला आसमान तिरंगे के तीन रंगों से सराबोर हो गया। समारोह में परेड का नेतृत्व परेड कमांडर आईपीएस श्री आदित्य सिंघारिया ने किया। बीएसएफ के बैंड ने देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत राष्ट्रीय धुनों से सम्पूर्ण वातावरण को देशभक्ति से भर दिया।

18 विभागों द्वारा निकाली गई नयनाभिराम झाँकियाँ

गणतंत्र दिवस समारोह में शासकीय विभागों द्वारा राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों पर आधारित नयनाभिराम झाँकियाँ निकाली गई। इनमें मुख्य रूप से नगर निगम इंदौर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कचरे का रीड्यूस, रीयूज और रीसाइकल करना ताकि कार्बन उत्सर्जन को कम किया जा सके। समारोह में खजराना गणेश मंदिर, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, जिला पंचायत इंदौर, स्वास्थ्य विभाग, यातायात विभाग, पुलिस विभाग, मेट्रो रेल, उद्योग विकास निगम, केन्द्रीय जेल, जिला व्यापार उद्योग केन्द्र, महिला बाल विकास, वन विभाग, इंदौर विकास प्राधिकरण, आईटीआई और उद्यानिकी विभाग की शासकीय योजनाओं के लाभों को प्रदर्शित करती हुई झाँकियां निकाली गई।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुतियां

गणतंत्र दिवस समारोह में तीन विद्यालयों के बच्चों ने राष्ट्रीयता, देशभक्ति, एकता और सद्भावना पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सीएम राइज स्कूल अहिल्या आश्रम क्रमांक 02 की बालिकाओं ने देशप्रेम की भावना से सराबोर और राष्ट्रीय गीतों पर आधारित रंगारंग प्रस्तुति दी। माँ उमिया देवी पाटीदार कन्या स्कूल राऊ के बच्चों ने विभिन्न प्रान्तों के लोकनृत्य और लोकगीत पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति दी। दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति, साहस और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति दी।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए पुरस्कृत

समारोह के दौरान उत्कृष्ट परेड प्रस्तुत करने पर प्लाटूनों को पुरस्कृत किया गया। अ वर्ग में प्रथम पुरस्कार 15वी वाहिनी विशेष सशस्त्र बल तथा द्वितीय पुरस्कार सीमा सुरक्षा बल को दिया गया। ब वर्ग में प्रथम पुरस्कार एनसीसी और द्वितीय पुरस्कार जिला यातायात पुलिस बल को प्राप्त हुआ। ऽसऽ वर्ग का प्रथम पुरस्कार सृजन को तथा द्वितीय पुरस्कार रेडक्रास को दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिल्ली पब्लिक स्कूल को प्रथम, मॉ उमिया देवी पाटीदार कन्या स्कूल राऊ को द्वितीय और अहिल्या आश्रम क्रमांक 02 को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह झांकियों में प्रथम पुरस्कार नगर निगम, द्वितीय पुरस्कार औद्योगिक केन्द्र विकास निगम तथा तृतीय पुरस्कार केन्द्रीय जेल को दिया गया। मुख्य समारोह में वर्षभर विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, स्वयंसेवी संगठनों, स्वच्छतामित्रों आदि को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।

समारोह में सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री गोलू शुक्ला, श्री गौरव रणदीवे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग सहित बड़ी संख्या में शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## प्रमुख सचिव पी. नरहरि ने लॉन्च किया हर घर जल ऑनलाइन फीडबैक मॉड्यूल

भोपाल-(आरएनएस) गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री पी. नरहरि ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल ग्रामों (पूर्ण नलजल योजनाओं वाले ग्रामों) में जल प्रदाय की स्थिति और उपभोक्ता संतुष्टि का फीडबैक लेने के लिए राज्य स्तर पर एक विशेष सेल का शुभारंभ किया।

इस सेल को अधिक व्यवस्थित और डिजिटल बनाने के लिए संतुष्टि- ऑनलाइन मॉड्यूल की शुरुआत की गई है। यह मॉड्यूल प्रमुख अभियंता कार्यालय की लोक सेवा प्रबंधन टीम द्वारा संचालित किया जाएगा। मॉड्यूल के माध्यम से उपभोक्ताओं का फीडबैक सीधे ऑनलाइन प्राप्त होगा और समस्याओं की जानकारी संबंधित कार्यपालन यंत्री एवं अधिकारियों तक तत्काल पहुंचेगी, जिससे योजनाओं में तेजी से सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। मध्यप्रदेश जल जीवन मिशन की पूर्ण योजनाओं की क्रियाशीलता का स्वत: फीडबैक लेने की व्यवस्था लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। यह पहल जल प्रदाय व्यवस्था को अधिक प्रभावी, विश्वसनीय और सुदृढ़ बनाएगी।

## 99 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री नागर ने जनसम्पर्क विभाग की प्रदर्शनी को देखा



भोपाल (आरएनएस) गणतंत्र दिवस पर भारत पर्व कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग द्वारा उज्जैन के महाकवि कालिदास संस्कृत अकादमी में प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का अवलोकन 99 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री प्रेमनारायण नागर द्वारा किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री नागर को राज्य सरकार द्वारा जननायकों के नाम पर विश्वविद्यालयों के शुभारंभ की योजना की जानकारी दी गई। स्वंतत्रता संग्राम सेनानी श्री नागर ने देश के स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को उचित सम्मान देने की सराहना की। उन्होंने सभी से देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना के साथ जीवनपर्यंत राष्ट्र सेवा करने को कहा। उल्लेखनीय है कि लोकतंत्र के महापर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित भारत पर्व कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्य सरकार की योजनाओं पर केन्द्रित चित्र प्रदर्शनी लगायी जाती है।

## सभी जिला मुख्यालयों पर हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

भोपाल - राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने गणतंत्र दिवस-26 जनवरी को भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ध्वज फहराया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में राष्ट्र ध्वज फहराया। विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने मुरैना जिले में और जिला मुख्यालयों पर मंत्रीगण एवं कलेक्टर ने ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने देवास, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सागर, जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने झाबुआ, संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने धार, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने जबलपुर, राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने सिवनी, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रतापसिंह ने कटनी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने अलीराजपुर, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने ग्वालियर, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने दतिया, महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने नीमच, खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने

# जबलपुर में पीडबलूडी मंत्री राकेश सिंह ने फहराया तिरंगा, परेड की सलामी ली, सीएम के संदेश का वाचन किया







**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** राष्ट्र का 76 वाँ गणतंत्र दिवस जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया गया। गणतंत्र दिवस का जिले का मुख्य समारोह यहां सिविल लाइन स्थित पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया, जहां मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली।

गणतंत्र दिवस के जिले के मुख्य् समारोह में राष्ट्र ध्वाज तिरंगा फहराने के बाद लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने खुली सफेद जिप्सी में कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के साथ परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेश की जनता के नाम गणतंत्र दिवस के संदेश का वाचन किया। इस मौके पर सशस्त्र बलों ने हर्षफायर किये तथा पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने तिरंगे के तीन रंगों के गुब्बारे मुक्त आकाश में छोड़े। समारोह में परेड द्वारा शानदार मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया।

मार्चपास्ट में एसटीएफ, कम्पेक्ट प्लाटून छठवीं वाहिनी, होमगार्ड, जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला, नेशनल कैडेट कोर की नेवल यूनिट, नेशनल कैडेट कोर की सीनियर तथा जूनियर डिवीजन की बालक एवं बालिका स्काउट एवं गाईड तथा शौर्य दल की प्लाटून शामिल थीं। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक श्री जय प्रकाश आर्य ने किया। परेड के उप कमांडर सूबेदार अमित शिववंशी थे। मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह मंत्री ने परेड की सलामी ली तथा मार्चपास्ट के बाद प्लाटून कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया।

गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित जिले के इस मुख्य समारोह में शालेय छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भारत की विविध सांस्कृतिक विशेषताओं से परिचय कराते हुए इन बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सत्यप्रकाश पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जहां लोकनृत्य के माध्यम से पंजाब की छठा को बिखेरा, तो वहीं पोदार इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने असम एवं बंगाल की संस्कृतियों पर आधारित नृत्य की प्रस्तुत कर समारोह में इन राज्यों की अमिट छाप छोड़ दी। समारोह में घमापुर स्थित क्राइस्ट चर्च डायसेशन स्कूल के छात्र छात्राओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई। स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल की विद्यार्थियों ने गणेश वंदना और वंदे मातरम गीतों की पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किए। समारोह में सेंट नॉरबर्ट स्कूल की छात्राओं ने भारत का चेहरा गीत पर फ्यूजन नृत्य और बिलाबाँग इंटरनेशनल हाई स्कूल ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्य समारोह में राज्य शासन के 12 शासकीय विभागों जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कृषि, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस केन्द्रीय जेल, नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, महिला एवं बाल विकास, यातायात पुलिस, जिला पंचायत, शिक्षा तथा शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थोन द्वारा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं पर आधारित उपलब्धियां युक्त आकर्षक चलित विकास झांकी निकाली। झांकियों में ''आधुनिक खेती, खुशहाल किसान, डिजीटल हिन्दुंस्ताकन'' की थीम पर कृषि विभाग एवं जेल विभाग की ''जेलोत्कखर्ष'' की थीम पर केन्द्रित झांकी को संयुक्तद रूप से पहला पुरूस्कीर प्राप्तव हुआ। जबकि जिला पंचायत की ''आत्म निर्भर ग्राम पंचायत, लखपति दीदी'' को दूसरा तथा लोक स्वाास्यग यांत्रिकी की ''पेयजल विकास यात्रा, विरासत से विकास की ओर'' ने तीसरा पुरूस्का र हासिल किया। मुख्यत अतिथि लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह द्वारा समारोह में प्रस्तु त आकर्षक मार्च पास्टत के लिए शर्स्त्प्ला्टून में विशेष सशस्त्रं बल की छटवी वाहिनी की प्लापटून को प्रथम, होमगार्ड की प्लाकटून को द्वितीय एवं जिला पुलिस बल की सीनियर प्ला्टून क्रमांक-एक को तृतीय पुरूस्कालर प्रदान किया गया।


## मुख्य अतिथि ने किया स्कूली बच्चों के साथ दोपहर भोज





जबलपुर-गणतंत्र दिवस पर पुलिस ग्राउंड में आयोजित जिले के मुख्य समारोह के तुरंत बाद मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने पंडित लज्जाशंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल के बच्चों के साथ दोपहर भोज किया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्या य, श्री राजकुमार पटेल, श्री सुभाष तिवारी रानू, जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ मनोज सिंह एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद थे। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत गणतंत्र दिवस पर आज स्कूली बच्चों को विशेष भोज दिया गया था। विशेष भोज में खीर-पुरी, सब्जी के साथ लड्डू परोसे गये थे।





पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.



## हथियार की तरह प्रयोग की जा रही कैग रिपोर्ट

दिल्ली सरकार के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने के मुद्दे पर कदम खींचने पर दिल्ली हाई कोर्ट ने संदेह उत्पन्न करने वाला कहा। भाजपा विधायकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि आपको विधानसभा अध्यक्ष को तुरंत रिपोर्ट भेजनी थी। सदन पर इसकी चर्चा करनी थी। विधानसभाध्यक्ष का विशेषाधिकार है विधानसभा सत्र बुलाना। यह सवाल भी किया कि क्या अदालत विधानसभाध्यक्ष को ऐसा करने का निर्देश दे सकती है, जबकि चुनाव नजदीक हैं। हालांकि दिल्ली सरकार के वकील ने आरोप लगाया कि याचिका राजनीति से प्रेरित है, और उपराज्यपाल कार्यालय के रिपोर्ट को सार्वजनिक और समाचार-पत्रों से साझा करने की बात भी उठाई। कैग की रिपोर्ट के अनुसार शराब नीति की वजह से दिल्ली के राजस्व को दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कैग ऑडिट निकाय है, जिसे संवैधानिक दर्जा प्राप्त है। अनुच्छेद 148 के मुताबिक कैग की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा होती है। यह भारत सरकार तथा राज्य सरकारों के विभागों और मंत्रालयों की पड़ताल करता है। इसकी रिपोर्ट विधानसभा और संसद में रखी जाती है। इसकी रिपोर्ट का असर इतना होता है कि इसके आधार पर 1989 में कांग्रेस सरकार को संयुक्त मोर्चा ने उखाड़ फेंका था। 2010 में स्पैक्ट्रम को लेकर कैग की रिपोर्ट पर 2जी आवंटन में धांधली के चलते सरकार को पौने दो लाख करोड़ रुपये के नुकसान का खुलासा हुआ था जिस पर मनमोहन सरकार को सीबीआई जांच का आदेश देना पड़ा था। शराब घोटाले को लेकर आप के वरिष्ठ नेताओं को जेल की सलाखों के पीछे भी रहना पड़ा।

# नई दिल्ली सीट से केजरीवाल को मुश्किल में डाल सकते हैं डॉक्टर मुनीश रायजादा

केजरीवाल की अगुआई में बनी आम आदमी पार्टी ने सादगी के साथ राजनीति और शासन का सपना दिखाया था। लेकिन बाद के दिनों में मुनीश ने देखा कि आम आदमी पार्टी और उसके नेता भी पारंपरिक राजनेताओं की ही तरह आगे बढ़ रहे हैं।

दिल्ली के चुनावी मैदान में एक नाम ऐसा भी है, जिसकी ओर किसी का ध्यान नहीं है। अगर ध्यान है भी तो उसे जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है। सामाजिक जीवन में कई बार प्रतिभाओं और ताकत को जानबूझकर अनदेखा किया जाता है। विशेषकर समाज का ताकतवर तबका उभरती ताकतों को इसलिए अनदेखा करता है कि कहीं उसकी ओर ध्यान देने से वह प्रतिभा अचानक लाइमलाइट में ना आ जाए, वह लोगों का अपनी ओर ध्यान न खींच ले। स्थापित शख्सियत को डर होता है कि कहीं उभरती प्रतिभा की ओर लोग का ध्यान चला गया तो उस हस्ती की ताकत कम हो सकती है। शायद यही वजह है कि दिल्ली के चुनावी मैदान की इस प्रतिभा को नजरंदाज किया जा रहा है। आप भी सोच रहे होंगे कि यह प्रतिभा कौन है, यह ताकत कौन है? इस सवाल का जवाब हैं डॉक्टर मुनीश रायजादा। जो नई दिल्ली सीट पर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को चुनौती दे रहे हैं।

मुनीश रायजादा प्रोफेशन से नवजात बच्चों के डॉक्टर हैं। अमेरिका में स्थापित प्रैक्टिस और नौकरी रही है। चौदह साल पहले जब अन्ना हजारे की अगुआई में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन चला तो मुनीश को लगा कि अगर यह आंदोलन सफल हुआ तो भारत बदल जाएगा। भारत में रहते वक्त उन्होंने लालफीताशाही और कदम-कदम पर खुद भी भ्रष्टाचार का सामना किया था। इसलिए उन्हें लगता था कि अगर भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन सफल हुआ और जनलोकपाल की अवधारणा हकीकत बनी तो भारत बदल जाएगा। इस सपने के साथ वे भी अमेरिका की सुविधा संपन्न जिंदगी और डॉक्टरी छोड़ भारत आ गए और भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन का सक्रिय सदस्य बन गए।

मुनीश की अगुआई में पढ़े-लिखे लोगों को अन्ना आंदोलन की ओर आकर्षित करने और विशेषकर विदेशों स्थित भारतीयों से संपर्क करने का बड़ा श्रेय है। उन्होंने विदेशों से अन्ना आंदोलन के लिए खूब चंदा भी जुटाए। देखते ही देखते वे उस भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बड़े सिपाही बन गए। इसके साथ ही उनकी नजदीकियां अरविंद केजरीवाल से बन गई।

2015 में ऐतिहासिक जीत के साथ दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई केजरीवाल सरकार ने मुनीश रायजादा को अपना स्वास्थ्य सलाहकार बनाया। मोहल्ला क्लीनिक, जिसकी ढोल केजरीवाल खूब पीटते हैं, एक तरह से मुनीश के दिमाग की उपज है। सरकार में काम करते वक्त दिल्ली को बदलने और उसके जरिए देश को बदलने का सपना देख रहे मुनीश रायजादा को बाद में झटके लगने शुरू हुए। जब उन्होंने अपनी आंखों से केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की ओर मुड़ते देखा। केजरीवाल की अगुआई में बनी आम आदमी पार्टी ने सादगी के साथ राजनीति और शासन का सपना दिखाया था। लेकिन बाद के दिनों में मुनीश ने देखा कि आम आदमी पार्टी और उसके नेता भी पारंपरिक राजनेताओं की ही तरह आगे बढ़ रहे हैं। उन्हें किसी भी तरह के भ्रष्टाचार से गुरेज नहीं है। रायजादा को अपना सपना टूटता हुआ दिखा तो उन्होंने केजरीवाल का साथ छोड़कर अपनी अलग राह चुन ली।

अलग राह चुनने बाद उनके पास अमेरिका लौटकर अपनी डॉक्टरी प्रैक्टिस करने का विकल्प था। अमेरिका में रह रही उनकी डॉक्टर पत्नी ने इसके लिए उन्हें प्रेरित भी किया। लेकिन उनके मन को लगी गहरी चोट ने उन्हें लौटने नहीं दिया। सपनों का बिखरना उन्हें परेशान करता रहा। लिहाजा कुछ दोस्तों के साथ उन्होंने भारतीय लिबरल पार्टी बना ली। अब रायजादा का एक ही सपना है, केजरीवाल के भ्रष्टाचार को उजागर करना और चुनावी बिसात पर किसी तरह से मात देना। उनका मानना है कि अगर केजरीवाल को चुनावी बिसात पर मात नहीं दिया गया तो भारत में फिर से कोई भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन नहीं उभर पाएगा। भ्रष्टाचार के संपूर्ण खात्मे के लिए अरविंद का मुखौटा उतरना जरूरी है।

# अक्षय तृतीया पर इस बार नहीं होगी शादियां

वैसे तो अक्षय का अर्थ होता है कि कभी भी खत्म न होने वाला, ऐसे में अगर आप अक्षय तृतीया के दिन पूजा-आराधना, यज्ञ पितृ-तर्पण दान-पुण्य आदि जैसे कार्य करना काफी शुभ होता है, इससे जीवन भर पुण्य बना रहता है।

अक्षय तृतीया का पर्व हिंदू धर्म में काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। प्रत्येक वर्ष वैशाख की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर अक्षय तृतीया मनाई जाती है, जो एक शुभ और पवित्र दिन माना जाता है। इस दिन अबूझ मुहूर्त भी है। जिसका मतलब है कि इस तिथि पर बिना शुभ मुहूर्त देखें भी विवाह किया जा सकता है। हालांकि, इस बार अक्षय तृतीया के दिन शुभ कार्य नहीं किए जाएंगे। इसके पीछे क्या कारण है आपको बताते हैं।

वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि 30 अप्रैल को शाम 05 बजकर 29 मिनट पर शुरु होगी। इसका समापन 30 अप्रैल को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर होगी। उदया तिथि के अनुसार, बुधवार 30 अप्रैल 2025 को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा।

क्यों नहीं होंगे विवाह

इस बार अक्षय तृतीया पर जातक विवाह नहीं कर सकेंगे, क्योंकि इस बार अक्षय तृतीया पर कोई भी विवाह मुहूर्त नहीं रहेगा। इसका कारण यह है कि अक्षय तृतीया के दिन शुक्र और गुरु तारा दोनों ही अस्त हो रहे हैं। वहीं, गुरु और शुक्र ग्रह को विवाह का कारक ग्रह माना गया है। ज्योतिष के अनुसार, विवाह के लिए शुक्र व गुरु ग्रह का उदित रहना जरूरी मना गया है। पिछले साल 2024 में भी शुक्र और गुरु का तारा अस्त होने के कारण अक्षय तृतीया पर विवाह का मुहूर्त नहीं बना था।

अक्षय तृतीया पर करें ये कार्य  ऐसे में अगर आप अक्षय तृतीया के दिन पूजा-आराधना, यज्ञ पितृ-तर्पण दान-पुण्य आदि जैसे कार्य करना काफी शुभ होता है, इससे जीवन भर पुण्य बना रहता है।

## महाकुंभ के दृश्य से पूरे देश आह्लादित

अवधेश कुमार

प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से महाकुंभ के दृश्य पूरे देश को आह्लादित कर रहे हैं। उन दृश्यों को देखने और वहां से निकल रहे वक्तव्यों से पूरे विश्व में फैले सनातनियों के अंदर इच्छा बलवती हो रही है कि एक बार प्रयागराज महाकुंभ जाकर पवित्र त्रिवेणी की डुबकी अवश्य लगाएं।

तेरह जनवरी को बुधादित्य महायोग के दिन का आंकड़ा एक करोड़ 75 लाख तो 14 जनवरी को लगभग 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान करने का आया है। संपूर्ण विश्व आश्चर्यचकित हो इन दृश्यों को देख कर इसके पीछे की शक्ति और भावना को समझने की कोशिश कर रहा है। कल्पना करिए, बारह फरवरी तक जन समूह की संख्या कितनी पहुंच जाएगी। मोटा-मोटी आकलन है कि लगभग 40 करोड़ लोग देश-विदेश से प्रयागराज महाकुंभ पहुंचेंगे।

भगवा की बहुतायत लेकिन प्रकृति में उपस्थिति हर रंग की ध्वजाएं, पताकाएं और कवेश पहने साधु-संत, गांव-घर के आम देशी-विदेशी जन ने ऐसा विहंगम दृश्य प्रस्तुत किया है जिसका वर्णन आसान नहीं है। लगातार बजते घड़ी-घंटाल, शंखों की गूंजती ध्वनि, मंत्रोच्चार, 24 घंटे पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान करते असंख्य लोग, यज्ञशालाओं से निकलते हवनकुंड की अग्नि के सुगंध और भजन-कीर्तन के साथ प्रवचनों की ध्वनियों और ऊपर आकाश से हेलीकॉप्टरों द्वारा पुष्प वर्षा से निर्मित वातावरण और वहां जाने वालों के चेहरों के भावों को शब्दों से वर्णित नहीं किया जा सकता। हालांकि इसके सूक्ष्म प्रभावों को न समझने वाले शब्दातीत, वर्णनातीत आदि शब्दावलियों को अतिवादी कह सकते हैं किंतु सच यही है।

केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार ने इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ लोगों की रिकॉर्ड उपस्थिति का आकलन करते हुए हरसंभव व्यवस्था की है। पूरे कुंभ नगर का विस्तार 4000 हेक्टेयर करके 25 सेक्टरों में बांटा गया, डेढ़ लाख से अधिक टेंट लगाए गए, 44 घाटों पर स्नान की व्यवस्था हुई जो 12 किमी. लंबाई में फैली है। 102 पार्किंग बनाए गए हैं, जिनमें साढ़े 5 लाख गाडियां खड़ी हो सकती हैं। कुल 45 दिनों में रेलवे, हवाईजहाज, राज्य सरकार की बसें, शटल बसें आदि की रिकार्ड संख्या विस्तारित की गई है। समाज में विचार, व्यवहार, कर्मकांड आदि के बीच विरोधाभास, विविधताएं या विभाजन कोई आज नहीं, सदियों से है।

जरा सोचिए, महान ऋषि-मुनियों ने किस तरह समय-समय पर इन सबको समन्वित करते हुए संपूर्ण ब्रह्मांड या मानव, जीव-अजीव, सबके कल्याण का भाव पैदा करने के महान अवसरों की दिव्य परंपराएं स्थापित कीं। जिस तरह प्रकट दिखती गंगा-यमुना और अमूर्त सरस्वती का संगम है, उसी को साकार करता जनसमूह अलग-अलग विचारधाराओं, पंथों, मतों, भाषाओं, क्षेत्रों, रंग-रूपों, जातियों, संप्रदायों, सब वहां जाकर वाकई एक हो जा रहे हैं। न कोई भेद, न दूरी और कोई किसी से उसकी जाति-नस्ल-पंथ-संप्रदाय स्वयं को दूर करने या भेद करने की दृष्टि से पूछता भी नहीं।

## हिमाचल के इस फेमस मंदिर में दिन-रात जलती रहती है ज्वाला

भारत में मां दुर्गा को समर्पित ऐसे अनेकों मंदिर हैं, जहां पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। उन्हीं में से एक मंदिर ज्वाला देवी मंदिर भी है। इस मंदिर में दर्शन करने मात्र से सभी भक्तों की इच्छाएं पूरी हो जाती हैं। बता दें कि हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में कालीधार पहाड़ी के बीच में स्थित ज्वाला देवी मंदिर हैं। यह मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है। इस मंदिर में आज तक अग्नि की ज्वाला शांत नहीं हुई है।

धार्मिक मान्यता है कि कलियुग में ही इस मंदिर में जलने वाली ज्वाला शांत होगी। वहीं जो मां की कृपा व आशीर्वाद पाना चाहते हैं, उनको इस मंदिर में दर्शन के लिए जरूर जाना चाहिए। ज्वाला देवी मंदिर की महिमा अपने आप में बहुत विशाल है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर के कुछ रोचक और महत्वपूर्ण तथ्यों के बारे में बताने जा रहे हैं।

कांगड़ा में फेमस ज्वालामुखी मंदिर ज्वलंत मुख वाली देवी ज्वाला को समर्पित है। इस मंदिर को अन्नपूर्णा, चंडी, हिंगलाज, देवी-महाकाली, विंध्यवासिनी, महालक्ष्मी, सरस्वती, अंबिका और अंजी देवी के नाम पर 9 स्थायी ज्वालाओं का घर माना जाता है।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष आलेख

सुश्री निहारिका मीना

बेटिया घर की शान होती है, बेटियां माता-पिता का अभिमान होती है। अपने बुलंद हौसलों के साथ आज की बेटी हर क्षेत्र में अपने परिवार, अपने राज्य, अपने प्रदेश और अपने देश का नाम रौशन कर रही। चाहे देश हो या विदेश आज बेटियां हर जगह अपनी कामयाबी का पताका फहरा रही है। प्रति वर्ष 24 जनवरी को बालिकाओं को सम्मान देने और बालिकाओं के प्रति समाज का नजरिया बदलने, कन्या भ्रूण हत्या को कम करने और घटते लिंगानुपात के बारे में जागरूकता पैदा करने के उददेश्य से राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। आज बिटिया के जन्म लेने पर एक पिता घबराता नहीं है, न ही शोक मनाता है बल्कि उसके जन्म लेने पर घर-परिवार, मोहल्ले में मिठाईयां बंटवाता है। क्योकि वह जानता है कि एक दिन बडे होकर यही बेटी उनको गौरवान्वित महसूस कराएगी। उनका समाज में मान-सम्मान बडाएगी। जितनी खुशी माता-पिता को बेटे के जन्म लेने पर होती है आज के समय उतनी या कहे उससे ज्यादा खुशी बेटी के जन्म लेने पर माता-पिता को होती है। कहा जा सकता है कि आज हमारे समाज में देर से ही सही पर धीरे-धीरे बेटियों के प्रति उनकी मानसिकता एवं नजरिए में बदलाव आ रहा है। इस बदलाव को समाज में व्यापक स्तर पर सकारात्मक रूप से स्वीकृति मिली है। यही कारण है कि आज खेल जगत हो या तकनीकी क्षेत्र या शासकीय क्षेत्र हो हर जगह बेटियां अपना खूब नाम कमा रही है। निश्चित ही यह हमारे देश-विदेश के कुशल नेतृकर्ता एवं दूरगामी सोच रखने वाले प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों का ही परिणाम है।

शासन-प्रशासन की बेटियों के लिए उठाई गयी विभिन्न पहले आज बेटियों के लिए सार्थक सिद्ध हुई हैं। चाहे बेटी बचाओं-बेटी पढाओं हो या सुकन्या समृद्धि योजना हो, लाडली लक्ष्मी योजना हो, लाडो अभियान हो सभी अनूठी पहलों से बच्चियों के जीवन पर सकारात्क प्रभाव पडा है।   एक अच्छे नागरिक होने के नाते हमारा भी दायित्व बनता है कि राष्ट्रीय बालिका दिवस को ज्यादा से ज्यादा लोग व्यापक स्तर पर हर्षोल्लास के साथ मनाए और बेटियों के प्रति समाज के दृष्टिकोण में सकारात्मक सोच और अधिक विकसित करने में अपना सहयोग दें। क्योंकि आपकी एक पहल पूरे समाज, पूरे देश की बेटियों का भविष्य संवार सकती है। इसलिए संकल्पित होकर बेटियों के अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने एंव समाज का उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण सृजन करने में आगे आएं और अपना कर्तव्य निभाएं।

## बसंत पंचमी कब है? जानें सही डेट और पूजा-विधि

सनातन धर्म में बसंत पंचमी उत्सव काफी धूमधाम और माता सरस्वती जयंती के रुप में मनाया जाता है। माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को सरस्वती पूजा मनाई जाती है। इसी दिन बसंत ऋतु की शुरुआत होती है। इस बार बसंत पंचमी की तिथि को लेकर काफी कन्फ्यूजन की स्थिति पैदा हो गई है। पंचांग के अनुसार, इस साल पंचमी तिथि 2 फरवरी को सुबह 9 बजकर 14 मिनट से शुरु होगी जो कि 3 फरवरी को 6 बजकर 52 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार बसंत पंचमी 3 फरवरी को मनाई जाएगी। वहीं, देश के कुछ हिस्सों में 2 फरवरी को तो कुछ हिस्सों में 3 फरवरी को बसंत पंचमी मनाई जाएगी। बसंत पंचमी का दिन माता सरस्वती को समर्पित है। इस दिन विधि-विधान से मां सरस्वती की पूजा की जाती है। आइए आपको पूजा विधि के बारे में बताते हैं।

सुबह जल्दी उठकर स्नान कर पूजा स्थल पर एक चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं, उस पर मां सरस्वती का चित्र या प्रतिमा रखें। इसके बाद कलश, भगवान गणेश और नवग्रह पूजन कर मां सरस्वती की पूजा करनें। मिष्ठान का भोग लगाकर आरती करें।  बसंत पंचमी के दिन पीले वस्त्र पहनने और खिचड़ी बनाने और वितरित करने का प्रचलन है। इस शुभ दिन पर मंगल कार्य शुरु हो जाते हैं। बंसत पंचमी को स्वयं सिद्ध मुहूर्त और अनसूझ साया भी माना गया है।

## देश में शहरों का भू-रिकॉर्ड

मनोज जोशी

मनुस्मृति में राजाओं द्वारा भू-राजस्व संग्रह के उल्लेख से लेकर शेरशाह और मुगल काल में राजा टोडरमलन द्वारा विकसित भू-अभिलेख प्रणाली, ब्रिटिश काल के दौरान विकसित भूमाप प्रणाली और स्वतंत्रता के बाद विकसित भू-अभिलेख व्यवस्था के बाद से भारत ने ग्रामीण क्षेत्रों में अब पूर्णतया डिजिटल भू-रिकॉर्ड और मानचित्रण तक पहुंचने की लंबी यात्रा तय कर ली है।

गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु तथा कुछ अन्य शहरों को छोड़कर भारत में शहरी भू-अभिलेख नहीं रखे जाते। अधिकांश रूप से उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत संपत्ति का खरीद-बिक्री का ब्यौरा ही शहरी भू-अभिलेख का एकमात्र साधन है। पंजीकरण अधिनियम, 1908 के तहत कार्य करने वाले उप रजिस्ट्रार विक्रेता की जानकारी रखने के कुछ उचित उपाय करते हैं, लेकिन उन्हें उन सभी दस्तावेजों को पंजीकृत करना चाहिए जो उनके सामने प्रस्तुत किए जाते हैं। सरकारी भू-अभिलेखों के अभाव में शहरी भूमि संपत्ति के मामलों में धोखाधड़ी और विवाद की आशंका बनी रहती है।

भारत में तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहे महानगरीय बस्तियों के आस-पास के गैर-शहरी इलाके (पेरी-अर्बन) में निजी डेवलपर्स कृषि भूमि को लेकर उन्हें कॉलोनियों में बदल रहे हैं। इन कॉलोनियों को स्थानीय अधिकारियों द्वारा योजनाबद्ध अनुमोदन के साथ या उसके बिना ही विकसित किया जा रहा है। अनधिकृत कॉलोनियों में एक ही प्लॉट की कई बार बिक्री के बहुत सारे मामले सामने आ रहे हैं। सरकारी भूमि अभिलेखों के ना रहने से महंगी शहरी भूमि के मामले में अनिश्चितता, जोखिम, क्रेताओं को अनावश्यक परेशानी और मुकदमेबाजी होती है।

ड्रोन आधारित हवाई इमेजरीङ्क सिटी सर्वे

कंप्यूटरकृत भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) से ड्रोन/विमान के माध्यम से 5 सेमी की सटीकता से अब भू-मानचित्र 2 लाख रुपये प्रति किमी 2 की उचित लागत पर 2-4 महीने की अवधि में तैयार किया जा सकता है। सरकारी अधिकारियों को ऐसे मानचित्रों का जमीनी सत्यापन करने और स्वामित्व दस्तावेजों को सत्यापित करने की आवश्यकता है। नगरपालिका संपत्ति कर डेटा स्वामित्व पर प्रारंभिक जानकारी प्रदान करता है। व्यक्तिगत भूखंड और मालिकाना विवरण के साथ विस्तृत नक्शे प्रकाशित करने के उपरांत, सार्वजनिक आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं।

शहर के सर्वेक्षण का कठिन हिस्सा जमीनी स्तर पर इनकी पहचान करना और स्वामित्व दस्तावेजों को प्रमाणित करना है। जमीनी सत्यापन के लिए बड़ी संख्या में टीमों को शामिल करने की आवश्यकता पड़ती है जिनमें सर्वेक्षक और सरकारी अधिकारी होते हैं। भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित नगर सर्वेक्षण में भी वास्तविक कब्जे वाली भूमि और अधिकार दस्तावेज के बीच अंतर पाया गया है। जीआईएस आधारित मापों की उच्च स्तरीय सटीकता में 5 प्रतिशत तक अंतर होता है। नए रिकॉर्ड में उनके कब्जे में कम भूमि दिखने के कारण भू-मालिक आपत्ति दर्ज करते हैं। इसके अतिरिक्त कई मामलों में भू-स्वामित्व स्पष्ट नहीं होता या इस पर विवाद रहता है।

शहरी भू-सर्वेक्षण में बड़ी जनशक्ति लगती है और भूमि स्वामित्व संबंधी आपत्तियों के सावधानीपूर्वक निपटान की आवश्यकता पड़ती है। राज्य सरकार की ओर से इसके लिए व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) ने एक वर्ष में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरों में नक्शा (एनएकेएसएचए) नामक शहर सर्वेक्षण पायलट कार्यक्रम आरंभ किया है। इसके बाद अगले चरण में 1000 शहरों में यह सर्वेक्षण किया जाएगा और 5 वर्षों में सभी 4912 शहरों में यह योजना चलाई जाएगी। शहरी भूमि रिकॉर्ड और शहर के सर्वेक्षण से प्राप्त नक्शे नागरिकों को अधिकार प्रदान करते हैं। अन्य संबंधित डेटा जैसे मालिक/किरायेदार परिवार का विवरण, संपत्ति कर, भवन योजना अनुमोदन, बिजली, पानी और गैस को भी इसी आधार पर समेकित किया जा सकता है। इससे नागरिकों के जीवन में सुगमता आएगी और विभिन्न स्थानीय सरकारी एजेंसियों को उनके कार्य में सुविधा होगी।


शहरी नियोजन और संपत्ति कर

कई कैमरों के साथ, शहरों की त्रिआयामी छवि और डिजिटल ट्विन उत्पन्न होते हैं। इनका उपयोग बेहतर संपत्ति कर मूल्यांकन और शहरी नियोजन के लिए किया जा सकता है। लेजर आधारित लिडार इमेजिंग ऊंचाई मानचित्रण प्रदान करती है जो शहरों में तूफान/बाढ़ के पानी की निकासी और आपदा की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने लिए बेहतर डिजाइन बनाने में सहायक होती है। यह परिवहन योजना, सड़क विकास, ढांचागत विकास के लिए भूमि अधिग्रहण और शहरी नियोजन के अन्य पहलुओं को सुगम बनाता है। भारत के कई शहरों में ड्रोन से चित्र लिए गए हैं, लेकिन शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) में क्षमता की कमी से उनका इन उद्देश्यों के लिए उपयोग नहीं किया गया है। राज्यों और यूएलबी को जीआईएस प्रौद्योगिकियों और शहरी नियोजन में निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता लेने की आवश्यकता है।

दस लाख की आबादी वाले शहर में इन कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि 5 करोड़ रुपये से अधिक नहीं लगेगी। यह गहन प्रयास है जिसमें धन का इतना महत्व नहीं है। भारत अगले 5 वर्षों में हवाई इमेजरी के सरल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से शहरी भूमि रिकॉर्ड सुव्यवस्थित करने, संपत्ति कर के बेहतर मूल्यांकन और शहरी नियोजन समाधान तथा बाढ़ शमन उपायों को विकसित करना चाहता है।

(लेखक ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग के सचिव हैं)

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

वृष राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अधिकारियों का दिल जीतने में कामयाब होंगे। आज के दिन आप अपनी उर्जा को सही काम में लगायेंगे ।

कर्क राशि :आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। यदि आपने किसी को पैसे उधार दिया है, तो वह आज आपको वापस मिल सकता है।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी।

धनु राशि : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्त्रोतों से आय प्राप्त करेंगे । आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें ।

मीन राशि : आज का दिन खुशियाँ लाने वाला है। समाज में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। ००



अपनी आने वाली फिल्म देवा के प्रचार के दौरान अभिनेता शाहिद कपूर ने एक बयान दिया, जो लोगों को पसंद नहीं आ रहा है। दरअसल, अभिनेता ने अपनी पुरानी फिल्म जब वी मेट में आदित्य और गीत के विवाह के बाद तलाक लेने की बात कही थी। शाहिद ने इंडियन एक्सप्रेस से कहा था, यह एक मजेदार विचार है कि गीत और आदित्य अब अलग हो रहे हैं, क्योंकि वे एक-दूसरे से निराश हैं।

## मानुषी छिल्लर को मां का पकाया राजमा चावल और खीर है पसंद



एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर ने हाल ही में अपनी सबसे पसंदीदा डिश का खुलासा किया, जिसे उनकी मां बड़े प्यार से पकाती हैं। पूर्व मिस वर्ल्ड ने अपने इंस्टाग्राम पर एक इंटरैक्टिव आस्क मी एनीथिंग सेशन आयोजित किया, जहां उन्होंने अपने पसंदीदा अभिनेताओं, स्किनकेयर रूटीन के बारे में जानकारी शेयर की और ये भी बताया कि उनकी मां उनके लिए क्या पकाती हैं। मानुषी ने बताया, उनका पकाया राजमा चावल और खीर मुझे पसंद है। ईमानदारी से कहूं तो उनकी हर चीज मुझे अच्छी लगती है। सम्राट पृथ्वीराज की एक्ट्रेस ने यह भी शेयर किया कि ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित उनकी पसंदीदा एक्ट्रेस हैं जो उन्हें प्रेरित करती हैं। अपनी स्किनकेयर रूटीन के बारे में मानुषी ने बताया, सुबह- हनी वॉश, सीरम, सनस्क्रीन। शाम- क्लींजिंग बाम, क्लींजर, सीरम, आई जेल और मॉइस्चराइज़र। एक प्रशंसक ने पूछा कि क्या उन्हें छात्र जीवन की याद आती है। इस पर मानुषी ने जवाब दिया, मैं अभी भी एक स्टूडेंट हूं, बस एक अलग फील्ड में हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं कभी भी स्टूडेंट होना बंद कर सकती हूं; यह हमेशा मेरे लिए स्वाभाविक रूप से रहा है।

ऑपरेशन वैलेंटाइन की एक्ट्रेस ने मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में आशीर्वाद लेकर आध्यात्मिक तरीके से नए साल की शुरुआत की थी।

काम की बात करें तो, छिल्लर ने ऐतिहासिक नाटक सम्राट पृथ्वीराज से अपने एक्टिंग की शुरुआत की, जहां उन्होंने अक्षय कुमार के साथ साहसी और दृढ़ राजकुमारी संयोगिता का किरदार निभाया। अपने सफल डेब्यू के बाद, मानुषी ने कई प्रोजेक्ट्स में काम किया, जिसमें ऑपरेशन वैलेंटाइन, द ग्रेट इंडियन फैमिली और बड़े मियां छोटे मियां शामिल हैं,

### नागा चैतन्य और साई पल्लवी स्टारर थंडेल का गाना बुज्जी थल्ली हुआ रिलीज

साई पल्लवी और नागा चैतन्य अभिनीत बहुप्रतीक्षित रोमांटिक ड्रामा थंडेल 7 फरवरी को सिनेमाघरों में आने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म के निर्माताओं ने लोकप्रिय सिंगल बुज्जी थल्ली का वीडियो जारी किया, जिसमें मुख्य किरदार राजू और सत्या के बीच पनपते रोमांस को दिखाया गया है। वीडियो में जोड़े के प्यार के शुरुआती दिनों के दिल को छू लेने वाले पलों और अलगाव की अवधि के दौरान जुड़े रहने के उनके प्रयासों को दिखाया गया है। जावेद अली की भावपूर्ण आवाज़ और श्री मणि के मार्मिक बोलों के साथ, बुज्जी थल्ली संगीत प्रेमियों के लिए ज़रूर सुनने लायक है। वीडियो गीत भी समुद्र की पृष्ठभूमि के साथ प्रमुख जोड़ी की केमिस्ट्री को गहन और मनमोहक तरीके से दर्शाता है। थंडेल का संगीत देवी श्री प्रसाद ने तैयार किया है,

## 44 की उम्र में नहीं थमने का नाम ले रही श्वेता तिवारी की हॉटनेस, रिवीलिंग गाउन पहन कैमरे के सामने दिए किलर पोज

टीवी और बॉलीवुड एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका कातिलाना अवतार सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका किलर अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

एक्ट्रेस श्वेता तिवारी टीवी और बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपने स्टनिंग अवतार से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लैक कलर का रिवीलिंग आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। साथ ही हाथों में सिल्वर एसेसरीज पहनकर अपने इस लुक पर चार चांद लगा दिया है। श्वेता तिवारी हमेशा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। उनका हर एक स्टाइल फैंस के बीच आते ही ट्रेंड करने लगता है।



## बैड बॉय कार्तिक से नागा शौर्य का पहला लुक सामने आया

वैष्णवी फिल्म्स अपने पहले प्रोडक्शन बैड बॉय कार्तिक के साथ फिल्म इंडस्ट्री में धूम मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसमें गतिशील नागा शौर्य एक बोल्ड नई भूमिका में हैं जो प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। अपने बहुमुखी अभिनय के लिए जाने जाने वाले शौर्य बैड बॉय कार्तिक के रूप में बिल्कुल नए, स्वैग से भरे और रवैये से भरे अवतार में कदम रख रहे हैं और इसे देखकर लगता है कि यह प्रोजेक्ट एक हाई-ऑक्टेन, पावर-पैक थ्रिलर होने वाला है जो दर्शकों को एक अविस्मरणीय सवारी पर ले जाएगा। पहला लुक पोस्टर और शीर्षक का खुलासा, जिसने पहले ही काफी चर्चा बटोरी है, नागा शौर्य को पहले कभी नहीं देखी गई छवि में दिखाता है- शांत, भयंकर और आत्मविश्वास से भरा हुआ। रमेश देसीना द्वारा निर्देशित, फिल्म तीव्र एक्शन दृश्यों से भरी एक मनोरंजक कहानी का वादा करती है, जो शौर्य को अपने प्रदर्शन को सर्वश्रेष्ठ रूप में दिखाने के लिए एकदम सही मंच देती है। अपने नए किरदार बैड बॉय कार्तिक के साथ, नागा शौर्य अपने प्रशंसकों की अपेक्षाओं को पार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, एक ऐसे किरदार को जीवंत कर रहे हैं जो जितना स्टाइलिश है उतना ही शक्तिशाली भी है। फिल्म में दिग्गज झारिस जयराज का संगीत होगा, जिनकी संगीत रचनाएँ फिल्म की गहन कथा को पूरक बनाने की उम्मीद है। सिनेमैटोग्राफर रसूल एलोर और एडिटर कोटागिरी वेंकटेश्वराव की मौजूदगी यह सुनिश्चित करती है कि बैड बॉय कार्तिक शानदार संपादन और शानदार दृश्यों के साथ एक शानदार दृश्य होगा जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा। हमेशा भरोसेमंद रहे रामंजनेयुलु भी इस रोमांचक टीम का हिस्सा हैं, जो फिल्म की इंडस्ट्री में गेम-चेंजर बनने की क्षमता को और मजबूत करता है। फर्स्ट-लुक पोस्टर और शीर्षक के खुलासे से अपार प्रत्याशा पैदा हो रही है, सभी की निगाहें वैष्णवी फिल्म्स के इस रोमांचक नए उद्यम पर हैं।

## छावा से अक्षय खन्ना का खूंखार अवतार आया सामने, डर और दहशत का नया चेहरा, क्रूर मूगल शासक औरंगजेब बने एक्टर

विक्की कौशल की मोस्ट अवेटेड फिल्म छावा का ट्रेलर रिलीज होने वाला है. जिसके लिए फैंस पहले से ही काफी एक्साइटेड हैं. वहीं मेकर्स भी दर्शकों को एक्साइटमेंट को बरकरार रखने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. ट्रेलर रिलीज के पहले ही मेकर्स ने रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक रिलीज किया वहीं अब मेकर्स ने फिल्म से अक्षय खन्ना के लुक से भी पर्दा उठा दिया है.

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना के शानदार लुक के बाद, अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक मेकर्स ने रिवील किया जिसमें वे काफी खूंखार लग रहे हैं. अक्षय फिल्म में क्रूर मुगल शासक कहे जाने वाले औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं, जिसे डर और दहशत का चेहरा बताया गया है. आगामी फिल्म छावा के मेकर्स ने अक्षय खन्ना के किरदार के नए पोस्टर शेयर किए. उन्हें मुगल शहंशाह औरंगजेब के रूप में देखा जा सकता है. एक्टर का लुक इतना शानदार है कि उन्हें पहचानना भी मुश्किल हो रहा है. पोस्टर्स रिलीज करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, डर और दहशत का नया चेहरा - मुगल साम्राज्य के क्रूर शासक मुगल शहंशाह औरंगजेब के रूप में प्रेजेंट हैं अक्षय खन्ना. छावा का ट्रेलर कल रिलीज होगा. फिल्म 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. बता दें 21 जनवरी को ही छावा से रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक रिवील किया गया है. जिसमें रश्मिका येसूबाई भोसले के रोल में दिख रही हैं. रश्मिका मंदाना फिल्म छावा में छत्रपती संभाजी महाराज के पत्नी के रोल में होंगी, यह रोल विक्की कौशल निभा रहे हैं.

विक्की कौशल ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर छावा का नया पोस्टर और धांसू मोशन पोस्टर रिलीज करते हुए इसके ट्रेलर की रिलीज डेट अनाउंस की. विक्की ने कैप्शन लिखा, अग्नि भी वो, पानी भी वो, तूफान भी हो, शेर शिवा का छावा भी हो. छावा का ट्रेलर 22 जनवरी को रिलीज हो चुका है. छावा 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में आएगी.

### टीजर के साथ जेलर 2 का एलान, 74 की उम्र में दमदार एक्शन करते नजर आए सुपरस्टार रजनीकांत

अभिनेता रजनीकांत फिल्म जेलर 2 से परदे पर छाने आ रहे हैं। इस फिल्म का अनाउंसमेंट टीजर जारी हो गया है। इसमें रजनीकांत एक्शन मुद्रा में दिख रहे हैं। 74 साल की उम्र में भी वे परदे पर दमदार एक्शन दिखाते नजर आएंगे।

साल 2023 में रजनीकांत की फिल्म जेलर सिनमाघरों में रिलीज हुई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। अब मेकर्स जेलर 2 लेकर आ रहे हैं। निर्माताओं ने रजनीकांत के फैंस को तोहफा देते हुए जेलर 2 का टीजर जारी कर दिया है। टीजर में रजनीकांत अपने चिर-परिचित अंदाज में चश्मा लगाए दुश्मनों के छक्के छुड़ाते दिख रहे हैं। टीजर की शुरुआत में जेलर 2 के निर्देशक नेल्सन और म्यूजिक डायरेक्टर अनिरुद्ध नई स्क्रिप्ट की चर्चा कर रहे हैं।

### बॉक्स ऑफिस पर इमरजेंसी की हालत खस्ता, छठे दिन लाखों में सिमटी कमाई

कंगना रनौत ने लंबे समय से हिट फिल्म का मुंह नहीं देखा था। उन्हें उम्मीद थी कि उनकी फिल्म इमरजेंसी सफल होगी और इसके जरिए सालों बाद उन्हें एक हिट फिल्म नसीब होगी, लेकिन इसने भी उन्हें निराश कर दिया।

आलम यह है कि फिल्म की रिलीज को अभी 5 दिन पूरे हुए हैं और यह बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ती दिख रही है।

पांचवें दिन के बाद छठे ही दिन इसकी कमाई लाखों में सिमट गई है। इमरजेसी ने पहले दिन 2.5 करोड़ की कमाई की थी। दूसरे दिन फिल्म ने 3.6 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। तीसरे दिन इमरजेसी ने 4.25 करोड़ रुपये तो चौथे दिन 1.05 करोड़ रुपये कमाए थे। पांचवें दिन फिल्म ने 1 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, इमरजेसी ने छठे दिन महज 85 लाख रुपये का कारोबार किया है।

## सफेद या लाल प्याज में कौन-सा है ज्याद फायदेमंद, जानें दोनों में फर्क

प्याज हमारे दैनिक जीवन का बहुत उपयोगी चीज हैं. भारतीय घरों में प्याज का प्रयोग लगभग हर व्यंजन में किया जाता है. यह न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाता है बल्कि सेहत को भी कई फायदे पहुंचाता है. खाने का स्वाद बढ़ाने में प्याज और तड़के में अहम भूमिका निभाती हैं. हमारे घरों में ज्यादातर लाल प्याज का इस्तेमाल होता है, लेकिन बाजार में लाल प्याज के अलावा सफेद प्याज भी नजर आते हैं. ऐसे में जब भी लोग बाजार आते हैं तो उन्हें पता चलता है कि ये दोनों एक जैसे हैं और इन्हें किसी भी तरह से किसी भी खाने में इस्तेमाल किया जा सकता है. लेकिन सच तो यह है कि लाल और सफेद प्याज के स्वाद, पोषण और उपयोग में बड़ा अंतर होता है. आज हम आपको बताएंगे सफेद प्याज और लाल प्याज के बीच अंतर क्या है...



सफेद और लाल प्याज के बीच अंतर-

रंग और बनावट कैसा होता है

एक्सपर्ट के मुताबिक लाल प्याज गहरे लाल या बैंगनी रंग की परतों वाला होती है. इसका भीतरी भाग गुलाबी रंग का होता है. वहीं, सफेद प्याज का बाहरी हिस्सा सफेद रंग का होता है और इसका अंदरूनी हिस्सा भी पूरी तरह से सफेद होता है.

स्वाद में कैसा होता है

लाल प्याज का स्वाद थोड़ा तीखा होता है और मसालेदार होता है. इसका उपयोग सलाद और भारतीय भोजन में तड़के के रूप में सबसे अधिक किया जाता है. और सफेद प्याज में मीठा और हल्का स्वाद होता है, जिसको सूप, स्वादिष्ट और हल्के व्यंजनों के लिए बेहद खास माना जाता है.

लाल प्याज के फायदे

लाल प्याज में क्वेरसेटिन नामक एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है, जो शरीर में मुक्त कणों को कम करने में मदद करता है. यह हृदय संबंधी समस्याओं और कैंसर के खतरे को भी कम कर सकता है. खून को साफ करने और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करता है. लाल प्याज में पाया जाने वाला विटामिन सी और सल्फर इम्युनटी सिस्टम को मजबूत करता है.

सफेद प्याज के फायदे

सफेद प्याज फाइबर से भरपूर पाया जाता है, जो आपके पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है. सफेद प्याज पेट की समस्याओं जैसे कब्ज और एसिडिटी को दूर करने में मदद करता है. साथ ही इसमें मौजूद कैल्शियम और फॉस्फोरस हड्डियों को मजबूत बनाने में काफी सहायता करते हैं. सफ़ेद रस त्वचा को चमकदार बनाने और बालों को सफ़ेद होने से रोकने में फायदेमंद है.

## सर्दियों के दौरान अपनी डाइट में शामिल करें मूली के पत्ते, मिलेंगे कई विटामिन और मिनरल्स



सर्दियों में हम अक्सर गर्म और पौष्टिक चीजें खाने की सोचते हैं। ऐसे में मूली के पत्ते एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। ये न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं।

मूली के पत्तों में कई जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो सर्दियों में शरीर को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं।

आइए जानते हैं कि क्यों आपको अपनी सर्दियों की डाइट में मूली के पत्तों को जरूर शामिल करना चाहिए।

इम्यूनिटी बढ़ाने में है सहायक

मूली के पत्ते विटामिन-सी का अच्छा स्रोत होते हैं, जो इम्यूनिटी को मजबूती देने में मदद कर सकता है।

सर्दियों में ठंड और फ्लू जैसी बीमारियां आम होती हैं तो ऐसे में इम्यूनिटी बढ़ाना बहुत जरूरी होता है।

मूली के पत्ते खाने से शरीर की इम्यूनिटी बढ़ सकती है, जिससे आप बीमारियों से बच सकते हैं।

इसके अलावा इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं।

हड्डियों को दे सकते हैं मजबूती

मूली के पत्तों में कैल्शियम और फास्फोरस जैसे खनिज भरपूर मात्रा में होते हैं, जो हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी हैं।

सर्दियों में हड्डियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है इसलिए इनकी देखभाल करना जरूरी है।

मूली के पत्तों के सेवन से हड्डियां मजबूत बनी रहती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं का खतरा भी कम हो जाता है।

इसके अलावा ये पत्ते शरीर को आवश्यक पोषण भी प्रदान करते हैं, जिससे आपकी हड्डियां लंबे समय तक स्वस्थ रहती हैं।

वजन घटाने में है मददगार

अगर आप वजन घटाने की सोच रहे हैं तो मूली के पत्ते आपके लिए फायदेमंद हो सकते हैं।

इनमें कैलोरी कम होती है और फाइबर की मात्रा भरपूर होती है, जिससे पेट भरा हुआ महसूस होता है और भूख कम लगती है।

इससे आप अनावश्यक खाने से बच सकते हैं और वजन नियंत्रित रख सकते हैं।

मूली के पत्तों का सेवन आपको लंबे समय तक तृप्ति का अहसास कराता है, जिससे आप स्वस्थ तरीके से वजन घटा सकते हैं।

त्वचा को निखारने में है कारगर

मूली के पत्तों का सेवन त्वचा के लिए फायदेमंद होता है।

इनमें विटामिन-ए और विटामिन-सी होते हैं, जो त्वचा को निखारने और चमकदार बनाने में मदद कर सकते हैं। ये पोषक तत्व त्वचा की कोशिकाओं की मरम्मत करते हैं, जिससे चेहरा तरोताजा महसूस होता है।

इसके अलावा इनका सेवन करने से मुंहासे और दाग-धब्बे होने का खतरा भी कम हो जाता है, जिससे आपकी त्वचा साफ और स्वस्थ दिखती है। सर्दियों में पेट संबंधी समस्याएं जैसे कब्ज और अपच बढ़ सकती हैं। मूली के पत्ते इसमें फायदेमंद होते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -307


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 306 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना बेलखेड़ा मे ं अब्दुल रशीद उम्र 51 वर्ष निवासी उमरादुला बाग भोपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ड्रायवरी करता है रविन्द्र सिंह चौहान निवासी भोपाल की गाड़ी छोटा हाथी टाटा एसीई वाहन क्रमांक एमपी 04 एल डी 8685 चलाता है आज वह वाहन क्रमांक एमपी 04 एल डी 8685 से रविन्द्र सिंह चौहान के परिवार को प्रयागराज कुम्भ से भोपाल लेकर जा रहा था गाड़ी वह चला रहा था उसके बाजू में गजेन्द्र सिंह बैठा था गाड़ी के पीछे बाडी के अंदर रविन्द्र सिंह चौहान उनकी पत्नी सुमन सिंह चौहान, मां बच्ची बाई चौहान, बेटा प्रियांशु चौहान, भांजा रोहित चोहान



39 लाख 21 हजार रूपये की लागत से नवनिर्मित दीनदयाल रसोई घर एवं आश्रय स्थल का आज विधिवत होगा उद्घाटन - निगमायुक्त

# निगमायुक्त प्रीति यादव ने आई.एस.बी.टी. आश्रय स्थल और दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना का लिया जायजा





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने आज नगर निगम द्वारा आई.एस.बी.टी. के पुराने रसोई घर को शिफ्ट करते हुए 39 लाख 21 हजार रूपये की लागत से नवनिर्मित आश्रय स्थल एवं रसोई घर का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्घाटन के पूर्व यहाँ सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि आज अपरान्ह 12:00 बजे सभी सम्माननीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नवनिर्मित दीनदयाल अंत्योदय रसोई घर एवं आश्रय स्थल का उद्घाटन किया जायेगा।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की मंशानुरूप निराश्रितों, गरीबों एवं श्रमिक वर्ग के लोगों के लिए नगर निगम द्वारा मात्र 5 रूपये में भरपेट स्वादिष्ट भोजन लगातार कराया जा रहा है। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने जानकारी दी कि नगर निगम के रैनबसेरों में रहने की उत्तम व्यवस्था के साथ-साथ खाना खाने एवं 5 रूपये में भरपेट भोजन करने तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था उत्तम है।

इसके उपरांत निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने एक दिन पूर्व घटित अग्नि दुर्घटना के बाद आज फिर से अधिकारियों के साथ ग्रीन सिटी कठौंदा स्थित फटाका बाजार का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त निर्माण जैसे शेड आदि को अलग करने तथा व्यवस्थित रूप से साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। निगमायुक्त श्रीमती यादव के द्वारा सांईटिफिक लैंड फिल साइट कठौंदा का भी निरीक्षण किया और स्वच्छ सर्वेक्षण् अभियान 2024 के अंतर्गत मेन्टेन करने के निर्देश दिये गए।

निरीक्षण के समय अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन, फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर, सहायक फायर अधीक्षक राजेन्द्र पटैल, संभागीय अधिकारी सत्येन्द्र चक्रवर्ती, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, स्वास्थ्य निरीक्षक अतुल रैकवार, सौरभ एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यालय में ध्वज फहरा कर हुई भारत माता की आरती



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी संभागीय कार्यालय रानीताल में नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया इसके उपरांत सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक अभिलाष पांडे के साथ सभी कार्यकर्ताओ ने भारतमाता की आरती की। नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा हम सभी देश वासियों के लिए आज गौरवशाली दिन है हम अपने लोकतंत्र का 76 वां उत्सव गणतंत्र दिवस के रूप के माना रहे है, आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था जो हमे स्वतंत्रता, समानता और न्याय का अधिकार देता है। आज का दिन हमारी एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है यह हमे हमारे अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है। बाबा साहब को किया नमन - गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ तहसील चौक स्थित संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष जीएस ठाकुर, नगर महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, संदीप जैन, राममूर्ति मिश्रा, अश्वनी परांजपे, राजेश मिश्रा, कैलाश साहू, जय सचदेवा, रंजीत पटेल, डिंपी विश्वकर्मा, प्रशांत केसरवानी, सुरेंद्र राठौर, सुधांशु गुप्ता, योगेंद्र सिंह, रूपा राव, शिवा चौधरी, अभिनव यादव, श्रीकांत साहू, रवि शर्मा उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति हितग्राहियों ने धन्यवाद प्रगट किया

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविर में सैंकड़ो हितग्राहियों को मिला लाभ - लाभांवित हितग्राहियों में दिखा खुशी का माहौल



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राँझी में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना के शिविर समापन समारोह में आज दिनांक 27 जनवरी 2025 को सैंकड़ां आवेदन हितग्राहियों से प्राप्त हुए जिनका निराकरण कर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में हितलाभ पाकर हितग्राहियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। सभी हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को हितग्राहीमूलक जनकल्याण योजना से संबंधित लाभ दिलाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी के अनुज एवं वरिष्ठ समाज सेवी विजय रोहाणी ने सभी चयनित एवं पात्र हितग्राहियों को केन्द्र एवं राज्य शासन की योजना म.प्र. कर्मकार मंडल योजना, संबल कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, नो डयूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस का लाभ प्रदान किये गए। इस अवसर पर एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी, पार्षद पुष्पराज सिंह सेंगर, निशांत झारिया, दशरथ पटैल, हेमराज सराठे, शिव मोहन बघेल, रवि शर्मा एवं अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर मुस्लिमों ने दी तिरंगा को सलामी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। देश के 76वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंडी मदार टेकरी मुस्लिम नेता बब्लू कुरैशी, चांद कुरैशी, नसीम अंसारी, लतीफ अंसारी, मलिक अंसारी, नुरूल्ला खान, गोगा पहलवान, राजा खान आदि द्वारा ध्वज उपरांत तिरंगा को सलामी दी गई। तदोपरांत देश में अमन चैन व शांति की दुआ की गई।

# गणतंत्र दिवस पर बड़ी ओमती में हुआ ध्वाजारोहण

## समाजसेवियों और बुजुर्गो का हुआ सम्मान



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राष्ट्र के सबसे बड़े लिखित संविधान वाले लोकतांत्रिक देश के महा लोकतांत्रिक पर्व गणतंत्र दिवस पर बड़ी ओमती चौक में मुस्लिम लीगल एड. एण्ड वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष शबाब खान द्वारा ध्वजारोहण कर समाजसेवियों एवं बुजुर्गो का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष शबाब खान सचिव फिरोज अंसारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन भारत के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय है। 26 जनवरी की तारीख हमें हमारे संविधान, लोकतंत्र और स्वतंत्रता के महत्व की याद दिलाती है। गणतंत्र दिवस एक उत्सव मात्र नहीं है, बल्कि आत्मनिरीक्षण करने, देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा देने वाला रिमाइंडर डे भी है। यह हमें सिखाता है कि स्वतंत्रता और लोकतंत्र के लिए हमारे पूर्वजों ने कितने संघर्ष किए थे। पानी की तरह खून बहाया था। बहादुरी की मिसालें कायम की थीं। कम से कम हम इतना तो कर सकते हैं कि देश और संविधान के प्रति वफादार रहें। उन्होंने कहा कि हर नागरिक देश के लिए अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से निभाए और मिलकर भारत को और बेहतर देश बनाएं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्टेट बार काउंसिल सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता अहादुल्ला उस्मानी, ज़िला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी,शबाब खान, रिजवान खान,फिरोज अंसारी, रविन्द्र दत्त, प्रशांत नायक,दुर्गेश मनाना,शैलेन्द्र यादव, अर्जुन साहू, मनोज तिवारी,गुड्डू नबी,शेख अजीम,एम.एच मंसूरी,हाजी मुईन खान,रहीस खान,शेख़ इरफान,मासूम खान,जफर खान,आदिल खान,आसिफ मंसूरी,मो.शाकिर,मोहसिन खान मोनू,मो.निजामुद्दीन,मुबारिक खान,राकेश गजभिए सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण, पुलिसकर्मी एवं व्यापारी बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच का संचालन मुशर्रफ शहरयार खान ने किया एवं आभार शफी खान ने व्यक्त किया।

# पनागर में एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण का आयोजन





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर के द्वारा आज शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में 76 बे गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में भारत माता का पूजन,एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण ब राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं मेंटर्स,स्थानिये ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति फूटाताल की उपस्थिति में आयोजित किया गया है जिसमे भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक पनागर के द्वारा सभी छात्र,छात्राओं की उपस्थिति में भारत माता की आरती करके सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुये प्रसाद का वितरण किया गया साथ ही गणतंत्र दिवस क्यों मनाया जाता है इसके विषय मे सभी छात्रो को जानकारी देते हुये राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी छात्र छात्राओं से आग्रह किया गया कि बह अपने अपने ग्रामो व वार्ड में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं के बीच जाकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के विषय मे जन जागरूकता का कार्य करने के विषय मे सभी को बताया गया है साथ ही गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय प्रांगण में नीम,ब अशोक के पौधों को लगाकर एक पेड़ माँ के नाम अंतरगत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है कार्यक्रम में भारत महरोलिया विकासखंड समन्वयक म.प्र.जन अभियान परिषद पनागर,नवांकुर संस्था प्रभारी पारस दाहिया, मेंटर्स पार्वती लोधी,रवि बोहत,सुभम पटेल,सुशील सेन,मनोज प्रजापति,के साथ सभी छात्र छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया है

# पावर जनरेटिंग कंपनी के तीन विद्युत गृह बेहतर कार्यनिष्पित्त के लिए पुरस्कृत




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी प्रबंध संचालक मनजीत सिंह के मुख्य आतिथ्य में रानी अवंती बाई सागर जलविद्युत गृह बरगीनगर में 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पावर जनेरटिंग कंपनी के डायरेक्टर कॉमर्शि?यल मिलिन्द भान्दक्कर सहित वरिष्ठ अभि?यंता व कार्मिक उपस्थि?त थे। पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा के विद्युत गृह क्रमांक दो, बाणसागर जल विद्युत गृह-चार झिन्ना को बेहतर कार्यनिष्पत्ति? के लिए पुरस्कृत किया। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह को सर्वोत्तम अग्नि?शमन दल के अवार्ड से सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 अभि?यंताओं व कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रबंध संचालक ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले समस्त अभि?यंताओं व कार्मिकों को बधाई दी। अमरकंटक ताप विद्युत गृह को तीन लाख रूपए का पुरस्कार-प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने सर्वश्रेष्ठ ताप विद्युत गृह का पुरस्कार अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई को प्रदान किया। चचाई विद्युत गृह को तीन लाख रूपए व चलित शील्ड प्रदान की गई। श्री सिंगाजी ताप विद्युत खंडवा के 660-660 मेगावाट स्थापित क्षमता के विद्युत गृह क्रमांक दो को वि?शि?ष्ट श्रेणी में उत्कृष्ट कार्यनिष्पत्ति? प्रदर्शि?त करने के लिए दो लाख रूपए व एक चलित शील्ड प्रदान की गई। बाणसागर जल विद्युत गृह चार झिन्ना को सर्वश्रेष्ठ जल विद्युत गृह के रूप में एक लाख रूपए की राशि? व चलित शील्ड प्रदान की गई। सर्वोत्तम अग्नि?शमन दल का पुरस्कार श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा को प्रदान किया। विद्युत गृह को पुरस्कार के रूप में दस हजार रूपए की राशि? के साथ चलित शील्ड प्रदान की गई। 30 अभि?यंता व कार्मिक पुरस्कृत-पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने 30 अभि?यंताओं व कार्मिकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया। पुरस्कृत होने वाले कार्मिक हैं-श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह के शैलेष कुमार चौहान, देवेन्द्र कुमार लचौरिया, अनिल कुमार सिंह व जावेद सईद, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के डा. वीके रघुवंशी, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर के सनत पटेल, जगत प्रताप सिंह, धमेन्द्र कुमार तिवारी, जितेन्द्र त्यागी, जयेन्द्र कुमार व देवेन्द्र सिंह यादव, अमरकंटक ताप विद्युत गृह? चचाई के चन्द्रेश दुबे, टोंस जल विद्युत गृह सिरमौर के धमेन्द्र सिंह, आलोक कुमार मिश्रा, डीडी मिश्रा व संजय महरा, राजघाट जल विद्युत गृह चंदेरी के आशीष श्रीवास्तव, पेंच जल विद्युत गृह के निकलेश नागदौने, उत्पादन भंडार कार्यालय जबलपुर के सतेन्द्र सिंह व शि?वम जैन, संचारण-संधारण कार्यालय जबलपुर की लक्ष्मी तिवारी, श्रेया घोष व श्रीधर दहायत, मटेरियल मैनेजमेंट कार्यालय जबलपुर के दीपक कुमार परजा, फ्यूल मैनेजमेंट कार्यालय जबलपुर के सचिन साहू, मुख्य वित्तीय कार्यालय जबलपुर की आंचल मरवाह, मानव संसाधन व प्रशासन कार्यालय जबलपुर के योगेन्द्र कुमार पटवारी, राजेश ताम्हने व रोमा मोंगिया गोयल, संचारण-संधारण जल विद्युत कार्यालय जबलपुर के अभि?षेक खटीक।

# गणतंत्र दिवस पर काजिया में हुआ ध्वजारोहण



जबलपुर। देश के 76वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंडी मदार टेकरी स्थित काजिया कॉन्वेंट गर्ल्स एंड बॉयस मिडिल स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित कर मुफ़्ती असलम की मुख्य अतिथि में मप्र मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पत्रकार अशफाक आरिफ, मोनिस अंसारी, यासमीन हैदर, अशरफ चौधरी, वासफा अंसारी सहित बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र-छात्रा व शिक्षक-शिक्षकाए उपस्थित रहे ।

# जबलपुर SDPI द्वारा गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर सोशल डेमोक्रेट पार्टी द्वारा मोमिन पुरा मैं गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष इरफानुलहक हक अंसारी ने झंडा फहराया और तमाम लोगों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दी आपने उदबोधन में कहा की आज देश मैं संविधान से खिलवाड़ करने वालों से संधर्ष करने की ज़रूरत है संविधान को किसी को नुकसान पहुंचाने की इजाजत नहीं दी जा सकती वर्शिप एकट 1991 से खिलवाड़ नही किया जाये इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुजाहिद अंसारी सचिव नियाज अहमद महमूद अहमद मो अज़हर मो मुजाहिद रफ़ी अहमद शहाबुद्दीन मकसूद अहमद अल्ताफ आदि उपस्थित रहे

# उत्कृष्ट समाजसेवी कार्यों, जनहितैषी पत्रकारिता के लिए नगर के वरिष्ठ पत्रकार परवेज खान सम्मानित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) ।बरगी नगर । जबलपुर जिला ग्रामीण बरगी विधानसभा में किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यो तथा जनहितैषी सामाजिक सरोकारिता की पत्रकारिता के लिए गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बरगी शंकर मंदिर मडिया मैं ग्राम मनकेडी बरगी नगर के वरिष्ठ पत्रकार परवेज खान को वर्गी की सरपंच श्रीमती मंजू चौकसे ,संतोष चौकसे तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के समक्ष सम्मानित किया गया इस अवसर पर श्रीमती लता शर्मा, विकास खन्ना, कनिका मजूमदार ,अनिल मिश्रा, कमला पटेल, बबलू सिंह राजपूत, गौरव यादव, सचिव गोविंद साहू सहित क्षेत्रीय जनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही

# अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राजकुमार यादव हुए सम्मानित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत वर्ष लोकतंत्र के 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आदित्य कांवेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोपालबाग दमोहनाका जबलपुर में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शाला संचालक अधिवक्ता अमित बाजपेई, दिव्या बाजपेई द्वारा विद्यालय के वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट खेल प्रशिक्षक राजकुमार यादव को आपकी ऊर्जावान क्रियाशील गतिविधियों के चलते सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभूम बाजपेई, दिव्यता चौबे,शाला प्राचार्या एवं समस्त शिक्षकगण एवं विधार्थी उपस्थित रहे ।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना कटंगी में शाम क्राईम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली कि चौकी बेलखाडू अन्तर्गत ग्राम करारी को संदीप बर्मन अपने मकान के आंगन में अवैध शराब रखे हुये बिक्री कर रहा है सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं चौकी बेलखाडू की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई घर में एक युवक उपस्थित मिला जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम संदीप बर्मन उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम करारी बताया तलाशी लेने पर घर के आंगन में एक सफेद रंग तथा एक हरे पीले छींटदार बोरी में कुल 310 पाव देशी शराब तथा 410 रूपये रखे मिला,





# कठौंदा पटाखा बाजार में भीषण आग, कई दुकानें खाक





## दुकानों में रखे पटाखे धमाके के साथ फटे

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**।जबलपुर में कठौंदा स्थित पटाखा बाजार में आज अचानक आग लग गई. जिसने कुछ ही देर में विकराल रुप धारण कर लिया. देखते ही देखते आग दुकानों तक पहुंच गई और धमाके के साथ पटाखे फूटने लगे. धुएं के काले गुबार दूर दूर तक दिखाई दे रहे थे. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी सहित फायर बिग्रेड की गाडियां पहुंच गई, जिन्होने काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया है. कलेक्टर दीपक सक्सेना व एसपी सम्पत उपाध्याय भी मौके पर पहुंच गए थे. बताया गया है कि कठौंदा पटाखा बाजार में लगी आग से बाजार में उपस्थित दुकानदारों से लेकर ग्राहकों में भगदड़ मच गई. यहां तक कि कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों से सामान बचाने की कोशिश की लेकिन तेजी से फैल रही आग के कारण सभी लोग अपनी जान बचाकर बाहर आ गए. आग ने कुछ ही देर में विकराल रुप धारण कर लिया. आग के कारण दुकानों में रखे पटाखे फूटने की आवाज दूर दूर तक सुनाई दी, यहां तक कि आसमान में उठ रहे काले धुएं के गुबार को देखकर लोग पहुंच गए. बाजार में काफी देर तक अफरातफरी मची रही. खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाडियां भी पहुंच गई, जिनहोने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया. गली होने के कारण फायर बिग्रेड की गाडियों को पहुंचने में दिक्कत का सामना करना पड़ा है. हालांकि अभी तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है. हादसे में कई दुकानों व व्यापारियों को भारी नुकसान पहुंचा है. बाजार में मौजूद दुकानदारों का कहना है कि आग ने उनकी पूरी दुकान को तबाह कर दिया है. अनुमान है कि इस घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है.

**दो घंटे में आग पर नियंत्रण**

करीब दो घंटे में आग पर नियंत्रण पा लिया गया। प्रशासन ने पांच दुकानों के पूरी तरह से नष्ट होने की जानकारी दी। कलेक्टर दीपक सक्सेना घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे और हालात की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आग पर नियंत्रण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस घटना में फिलहाल किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। आग कैसे लगी इसकी वजह तलाशी जाएगी। इस दौरान लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे और विधायक डा.अभिलाष पांडे मौके पर पहुंचे और व्यापारियों से बातचीत की।

**आग से बचाव के लिए निकाला सामान**

पटाखा बाजार तीन सेक्टर में बंटा हुआ है। हर दुकान के बीच 6 फीट की दूरी है। पटाखा बाजार में 40 दुकान है दुकानदारों को जैसे ही आग की जानकारी मिली वो अपने स्वजन और मिलने वालों के साथ बड़ी संख्या में पहुंच गए। आग जिस दुकान में लगी उसके आसपास की दुकानदार अपनी दुकान से सामान निकालने में जुट गए। व्यापारी किसी तरह आग से पटाखों को सुरक्षित रखने बाहर खुली जगह में ले जाने लगे।



**गाड़ी जलकर खाक**

आग सबसे पहले जायसवाल पटाखा दुकान में लगने की जानकारी मिल रही है। आग कुछ ही देर में आसपास की दुकान में पहुंच गई। इन दुकानों के सामने दो पहिया वाहन खड़े थे वो पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। करीब आधा दर्जन वाहन जल गए। इसमें बाइक और स्कूटी शामिल है।

पटाखा व्यापारियों के साथ आए स्वजन आग से हुए नुकसान को देखकर अपने आंसू नहीं रोक पाए। प्रारंभिक स्तर पर लाखों रुपये के पटाखे जलने का अनुमान है। व्यापारियों के साथ महिलाएं अपने घरवालों को ढांढस देती नजर आई।

**पुलिस ने सम्हाला मोर्चा**

आग की खबर लगे ही मौके पर कई थानों की पुलिस पहुंच गई है और फायर बिग्रेड की गाड़ी को घटना स्थल तक जाने के लिए भीड़ को नियंत्रित करने में जुट गई। पुलिस अधीक्षक के अलावा कई थानों की पुलिस और आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि आग की सूचना मिली है। पांच दुकानों में नुकसान हुआ है प्रशासन की मुश्तैदी से आग पर काबू पा लिया गया है।

**शार्ट सर्किट बता रहे वजह**

आग लगने की प्रारंभिक वजह बिजली का शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने के बाद बाजार क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। आग बुझाने समय अंधेरा होने की वजह से दमकल कर्मियों को काम करने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। पटाखा दुकानों के बाहर रेत और आग नियंत्रण के लिए जरूरी सुरक्षा उपकरण रखे थे जिस वजह से आग बुझाने में भी मदद मिली।

**बंद दुकानों के बाहर रेत की दीवार**

जिन दुकानों में आग नहीं पहुंच पाई थी। उन दुकानों के शटर बंद रखे गए। व्यापारियों ने सुरक्षा के लिए दुकान की शटर के नीचे रेत गीली कर उसे रख दिया ताकि चिंगारी किसी भी तरह दुकान के भीतर न पहुंच सके।

## जुए के फड़ पर छापा 7 जुआडी गिरफ्तार, नगद 35 हजार 100 रूपये जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। थाना प्रभारी गोरखपुर श्री नितिन कमल ने बताया कि दिनांक 26-1-25 की रात्रि मुखबिर से सूचना मिली कि कुम्हार मोहल्ला गोरखपुर में सड़क के किनारे कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपये पैसों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जुआरी पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपने नाम क्रमशः कैलाश चक्रवर्ती निवासी कुम्हार मोहल्ला गोरखपुर, मुकेश ठाकुर निवासी बधैया मोहल्ला दमोहनाका गोहलपुर, सुशील कुमार जैन निवासी त्रिपुरी चौक गढ़ा, अजय राजपूत निवासी गौतम मढ़िया गढ़ा, सनी सोनकर निवासी ब्यौहारबाग थाना बेलबाग, सुशील सोनकर निवासी झूलेलाल मंदिर के पीछे बड़ी ओमती , राजेन्द्र गिरानिया निवासी छोटी खेरमाई मंदिर के पास बड़ी ओमती बताये। जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते तथा नगदी 35 हजार 100 रूपये जप्त करते हुये धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय भूमिका- जुआरियों को पकड़ने मे चौकी प्रभारी प्रभाकर सिंह, प्रधान आरक्षक गोपी चंद, रामयश शर्मा, आरक्षक सुजीत त्रिपाठी, रोहित द्विवेदी, भगवान सिंह, गौतम, अजय भारद्वाज की सराहनीय भूमिका रही।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर**

क्र.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2024-25/ एम....... दिनांक- 15.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री निसार अहमद, पिता- श्री मंजूर अहमद** ने पिन नं. 2000100113 भवन क्रमांक 4100/390-एच , **वार्ड क्र. 41 वार्ड संजय गांधी वार्ड,** निर्मित भूतल 972 व.फु. कच्चा, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक 4100/390-एच , पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-16 नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 169 2024-2025 दिनांक 23/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री प्रशांत श्रीवास्तव, पिता- श्री गोकुल प्रसाद श्रीवास्तव** ने भवन क्रमांक 1279/7 सी, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000427507 जलकर पिन नं. 2402935, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री गोकुल प्रसाद श्रीवास्तव, पिता स्व. श्री हन्नू लाल श्रीवास्तव, 2. डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, **वार्ड दीवान आधार सिंह वार्ड** , निर्मित भतूल 1300 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 1210 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति शपथपत्र, शपथ पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 165 2024-2025 दिनांक 20/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री विमल कुमार झा, पिता- स्व. श्री देवीदयाल झा** ने भवन क्रमांक 2453/1 बी का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000426765 जलकर पिन नं............., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री गिरीशचंद झा, पिता- स्व.श्री देवीदयाल झा, **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड** , निर्मित क्षेत्रफल 1380 व.फु., विक्रय प्लाट रकबा 1380 व.फु., भूतल 387 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, हकत्याग पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बटवारानामा, शपथ पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024 एम. 452/ 2024/2025 दिनांक 27.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती शिवनी टोंटे, पति- श्री रामप्रकाश टोंटे** ने फ्लैट क्रं. 602 पिन क्र. 1004038699 का भाग **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) एस.के. बी. प्रोजेक्ट प्रा. लि. डायरेक्टर श्री संकल्प पारवानी, छटवीं मंजिल 1133 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024 एम. 451/ 2024/2025 दिनांक 27.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. काबिज श्री अजहर अहमद, 2. श्री अतहर अहमद, 3. श्री नौशाद अली, 4. श्री आरिफ अली, 5. शमा कादरी सभी के पिता- स्व. श्री अशरफ अली,** ने भवन क्रं. 1174 पिन क्र. 1000499901 **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री अशरफ अली, पिता- स्व. श्री अब्दुल अली, भूतल 2550 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024 एम. 450/ 2024/2025 दिनांक 27.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती गीता कुशवाहा, पति- श्री राजेनद्र कुशवाहा** ने भूखंड क्रं. 55 पिन क्र. 2000003038 का भाग **वार्ड क्र. 01, वार्ड गढ़ा,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री समीर खम्परिया, पिता- श्री आई.पी. खम्परिया, क्षेत्रफल 703 व.फु., भूतल 700 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024 एम. 449/ 2024/2025 दिनांक 27.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती पुष्पा बैस, पति- श्री गजराज सिंह बैस** ने भवन क्रं. 1450/ पी-105 पिन क्र. 1000597419 **वार्ड क्र. 01, वार्ड गढ़ा,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती शशिकला विश्वकर्मा, पति- स्व. श्री संतोष विश्वकर्मा, क्षेत्रफल 1150 व.फु., भूतल 800 व.फु., **विक्रयपत्र, शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024 एम. 448/ 2024/2025 दिनांक 27.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **काबिज श्री आशीष कुमार पटेल, पिता- श्री तरवर सिंह पटेल,** ने भवन क्रं. 789 पिन क्र. 1000531460 **वार्ड क्र. 03, वार्ड त्रिपुरी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री धन सिंह/तोडर सिंह काबिज श्री आशीष पटैल, पिता- तरवर सिंह पटैल, भूतल 1070 व.फु., प्रथमतल 600 व.फु., **शपथपत्र, विक्रय अनुबंध पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/660/ दिनांक 27.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुशीला साहू, पति- स्व. श्री मंगल प्रसाद साहू** ने मकान नं. 3 से 8 तक पिन नं.1000482199 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड** , भूतल खपरैल कच्चा 750 व.फु. , **शपथपत्र, आपसी बटवारानामा, सहमति पत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 3 से 8 तक कुंडा मंदिर के सामने पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/661/ दिनांक 27.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री नारायण प्रसाद साहू, पिता- दुलारे साहू** ने मकान नं. 3 से 8 तक पिन नं.1000482199 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड** , भूतल आर.सी.सी. 900 व.फु. , **शपथपत्र, आपसी बटवारानामा, सहमति पत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 3 से 8 तक कुंडा मंदिर के सामने पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/659/ दिनांक 27.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री कमल प्रसाद साहू, पिता- दुलारे साहू** ने मकान नं. 3 से 8 तक पिन नं.1000482199 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड** , भूतल कच्चा 522 व.फु. , **शपथपत्र, आपसी बटवारानामा, सहमति पत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 3 से 8 तक कुंडा मंदिर के सामने पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 354 दिनांक 27.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती गंगा बाई कोरी, पति- स्व. श्री वीरेन्द्र सिंह उर्फ वीरन लाल कोरी, 2. श्रीमती सरस्वती कोरी, पति- श्री अर्जुन कोरी** ने मकान नं. 2167 , सम्पत्ति पिन नं. 1000479743 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड** , भूतल 606 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/268 जबलपुर दिनांक 27.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री खुशाल चंद कोष्टा, पिता- स्व. श्री लोकमन कोष्टा,** ने मकान नं. 637 **वार्ड डॉ. राजेन्द्र प्रसाद** पिन नं. 1000411882, क्षेत्रफल 730 व.फु., भूतल 730 व.फु., **दानपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/267 जबलपुर दिनांक 27.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती रामा बाई यादव, पति- श्री शिव लाल यादव** ने मकान नं. 266/बी-7 **वार्ड पं. गोविंद बल्लभ पंत** पिन नं. 1000706241, क्षेत्रफल 892 व.फु., भूतल 600 व.फु., प्रथमतल 600 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/265 जबलपुर दिनांक 27.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री विजय नोतनानी, पिता श्री धरमदास नोतनानी** ने मकान नं. 61/3 **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 1000349057, क्षेत्रफल 933 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/266 जबलपुर दिनांक 27.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री विजय नोतनानी, पिता श्री धरमदास नोतनानी** ने मकान नं. 314/अ/1 **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 1000348659, भूतल 440 व.फु., प्रथमतल 440 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/264 जबलपुर दिनांक 27.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री विजय नोतनानी, पिता श्री धरमदास नोतनानी** ने मकान नं. 61/2 **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 1002899241, क्षेत्रफल 777 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999